CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, सोमवार 7 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 327 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम हुआ लागू**
पेज 2




**बर्मिंघम में टीम इंडिया की 58 साल में पहली जीत**
खेल टाइम्स



**बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए**
सम्पादकीय



**अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई**
पेज 2

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला खाली कराएं

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। तीन जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है।

## ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंचे

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंच गई है। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस यूके भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 23 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

## मणिकर्णिका घाट की छत पर हो रहा अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 सेमी पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में 21 जिलों में रविवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश जारी है। अगले 24 घंटे में 8 इंच बारिश की संभावना है। जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए हैं। पहले से उफान पर नर्मदा नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। शहडोल में जिला अस्पताल के कई वार्ड में पानी भर गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में दो मकानों की छत गिर गई। हादसे में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं।

### नितिन गडकरी का बेबाक मत

# विश्व युद्ध में बदल सकती है सुपर पावर देशों की हनक

**नागपुर, वार्ता**



- इजरायल-ईरान जैसी पुनरावृत्ति हुई, तो हालात होंगे बदतर
- महाशक्तियों की तानाशाही से दुनिया से प्रेम होता जा रहा खत्म

**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियान्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है। नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।


# दुनिया को नई व्यवस्था की जरूरत: मोदी

## ग्लोबल साउथ देशों के बिना वैश्विक संस्थाएं बिना नेटवर्क वाले मोबाइल की तरह

**रियो डी जनेरियो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को ब्रिक्स समिट में एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। पीएम ने कहा कि 20वीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होता। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।



### पीएम मोदी को 'की टू द सिटी सम्मान', भारत-अर्जेंटीना संबंधों में मील का पत्थर

**ब्यूनस आयर्स।** पीएम मोदी को शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान की टू द सिटी (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है, जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जार्ज मैकरी से 'की टू द सिटी' प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है।

## ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई।

इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं।



## राफेल लड़ाकू विमान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा चीन

**पेरिस।** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं।

## रॉयटर्स का एक्स अकाउंट ब्लॉक होने पर केंद्र ने दी सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- सरकार ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती बताई

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने रविवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक 'गलती' है।

केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है, जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे 'विदहेल्ड' किया गया था। अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इन्कार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था। लेकिन एक्स ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है। इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने, अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की। रिपोर्टों के अनुसार, भारत में केवल रॉयटर्स न्यूज़ एजेंसी और रॉयटर्स वर्ल्ड के आधिकारिक अकाउंट एक्स पर बंद हैं, लेकिन इसके अन्य संबद्ध हैंडल, जिनमें रॉयटर्स टेक न्यूज़, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना आदि एक्स पर देखे जा सकते हैं।

# वारदात के बाद आरोपी घंटों पीते रहे शराब

**कोलकाता, वार्ता**

### कोलकाता गैंगरेप

- ढाबे पर खाना खाया, फिर घर लौटे
- गार्ड को धमकाया, किसी को कुछ मत बताना

**कोलकाता लॉ** कॉलेज गैंगरेप केस में पुलिस ने नए खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा और उसके साथी (प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद) ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी।

सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि वह इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए। इसके बाद ईएम बाइपास पर एक ढाबे पर खाना खाने गए। फिर अपने-अपने घर लौट गए। पुलिस के अनुसार, घटना के अगले दिन 26 जून को मनोजीत मिश्रा को जब हालात की गंभीरता का एहसास हुआ तो उसने साउथ कोलकाता के देशप्रिय पार्क इलाके में रहने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया। वह व्यक्ति पहले भी उसकी मदद कर चुका था। हालांकि, इस बार उसने मनोजीत से पीछे हटने की सलाह दी। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था।

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
29 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
- BBA - 3 yrs. • MBA
- BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
- B.Com - 3 yrs. • M.Com
- B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
- Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
- Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
- Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
- D. Pharm
- B. Pharm
- B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
- M.Pharm
  - Pharmaceutics
  - Pharmacology
  - Pharmaceutical Chemistry
  - Pharmacognosy

COMPUTER 9319160550, 9410013261, 9927048126
- BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
- BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
- B.Tech • M.Tech
  Computer Science & Engineering
  Artificial Intelligence & Machine Learning
- B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9458526285, 9997474743
- B.Tech
  - Electronics & Comm. Engineering
  - Electrical Engineering
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
- B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
- M.Tech
  - Electronics & Comm. Engineering
  - Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
- B.Tech • M.Tech
  - Biotechnology
- B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
  - Biotechnology
  - Food Technology
  - Microbiology
- B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
  - Biotechnology
  - Microbiology

AGRICULTURE 8477061540, 9456981453, 9758531198
- B.Tech
  - Agricultural Engineering
- M.Tech
  - Farm Machinery & Power Engineering
  - Soil & Water Conservation Engineering
  - Process & Food Engineering
- B.Sc. (Hons.) - Agriculture
- M.Sc. (Ag.)
  - Agronomy
  - Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
- Diploma in Engineering
  - Electronics Engineering
  - Electrical Engineering
  - Computer Engineering
  - Computer Engg (Artificial Intelligence)
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
  - Production Engineering
  - Refrigeration & Airconditioning
- Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 9412391675, 9259410042, 8077580771
- B.Sc. - 3 yrs.
- B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
  - Physics - Zoology
  - Chemistry - Botany
  - Mathematics
- M.Sc.
  - Physics - Zoology
  - Chemistry - Botany
  - Mathematics
- B.Sc.
  - Home Science
- M.Sc.
  - Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
- BA - 3 Yrs.
- BA (Hons. with Research) - 4yrs
  - English - Hindi - Economics
  - Sociology - Geography - Education
  - Political Science - Home Science
  - History - Sanskrit
- MA
  - English - Hindi - Economics
  - Sociology - Geography - Education
  - Political Science
- Master of Social Work (MSW)
- B.Lib. M.Lib.
- BA (Journalism)
- MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
- BA-B.Ed. • B.Ed.
- B.Sc.-B.Ed. • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
- B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
- LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
- Free Uniform to the students
- Fee waiver to meritorious students
- Separate Hostels for Girls and Boys
- Career- Oriented and Skill Development Courses
- Convenience of lift in most of buildings of the University
- Banking facility with ATM
- Post Office facility on Campus
- Wi-Fi / Internet facility
- Canteen / Cafeteria facility for students
- Medical facility (Dispensary and Ambulance)
- Sports facility (In-door & Out-door games)

छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN

Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.

Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

# सड़क हादसे में दो सगे भाई घायल

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खरीदारी कर घर लौट रहे दो सगे भाई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्राम प्रधान परिवार ने सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सकों द्वारा दोनों भाइयों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना देने के बावजूद भी 108 एंबुलेंस सेवा घटना स्थल पर नहीं पहुंच सकी, जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

शनिवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे अल्ताफ हुसैन (30 वर्ष) और शादाब हुसैन (26 वर्ष) पुत्र गण नजाकत हुसैन निवासी ग्राम व थाना रेहड़ अफजलगढ़ बाजार से खरीदारी कर अपने घर वापस जा रहे थे। थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला ग्राम प्रधान निवास के समीप स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से तीव्र गति से आ रहे कैन्टर ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर ग्राम प्रधान पति वहीदुर्रहमान व पूर्व प्रधान सईदुर्रहमान दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, परंतु काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पंहुची तो तुरंत प्रधान परिवार ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया।

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मोहित कुमार व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि थाना रेहड़ व थाना अफजलगढ़ की सीमाएं आपस में मिली हुई हैं। दोनों थाना स्तर पर एक-एक 108 एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है, जो सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को उठाकर सीएचसी व पीएचसी पहुंचाने के कार्य को अंजाम देती हैं।

108 डायल करने पर सूचनार्थ लोकेशन पर उपलब्ध रहती हैं परंतु काफी समय से 108 एम्बुलेंस सूचना देने के बावजूद भी घटना स्थलों पर नहीं पहुंच पा रही हैं।

सूत्रों की माने तो उक्त 108 एंबुलेंस सेवा प्राइवेट मरीजों को किराए पर ढ़ोने के कार्य को अंजाम दे रही हैं यदि यह बात सत्य है तो जिलाधिकारी को संज्ञान में लेकर यह जांच का विषय है।

## गृह क्लेश से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**स्योहारा।** नगर से सटे ग्राम फैजुल्लापुर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 40 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर गृह क्लेश से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान तरुण पुत्र नीरज निवासी फैजुल्लापुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तरुण ने रविवार की रात को अपने कमरे में लगे पंखे से फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

परिजनों को घटना की जानकारी सुबह करीब 4:00 बजे हुई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। हैरानी की बात यह रही कि परिजनों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिए बिना ही सुबह-सवेरे आनन-फानन में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

इस संबंध में जब पुलिस से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हमें इस घटना की कोई सूचना नहीं दी गई। यदि समय रहते जानकारी मिलती तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाती और शव का पोस्टमार्टम भी कराया जाता।

# दिनदहाड़े महिला से लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## नकदी व अवैध तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में दिनदहाड़े हुई पचास हजार रूपए की छीनने की वारदात का पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में सनसनीखेज खुलासा कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी खुशनुमा पत्नी शाकिर भारतीय स्टेट बैंक से पचास हजार रूपए निकाल कर अपने घर लौट रही थी। तभी डॉ. मनोज के अस्पताल के पास एक अज्ञात युवक ने रुपये का थैला छीन लिया और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद पीड़ित महिला द्वारा तत्काल स्योहारा थाना पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा नूरपुर रोड पर ग्राम सफियाबाद के पास चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया लेकिन आरोपी ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने साहसिक रूप दिखाते हुए आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान शाकिब पुत्र शहाबुद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लामनगर स्योहारा के रूप में हुई है।

आरोपी की मोटरसाइकिल पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी। मौके से पुलिस ने लूटे गए पचास हजार की नकदी, एक देशी तमंचा (315 बोर), तीन जिंदा कारतूस और दो चले हुए कारतूस के खोखे भी बरामद किए। पुलिस की इस तत्परता और साहसिक कार्रवाई से नगरवासियों में प्रसन्नता की लहर है और स्थानीय नागरिकों द्वारा पुलिस की जमकर सराहना की जा रही है। मात्र कुछ ही घंटों में लूट की गुत्थी सुलझाकर लूटी गई रकम की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्योहारा पुलिस मुस्तैद है और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार द्वारा बताया गया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने की आशंका है, जिसकी गहराई से जांच की जा रही है।

वहीं पुलिस के द्वारा पकड़े गए आरोपी की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि उसके पिता शहाबुद्दीन काफी लंबे समय से बीमार चल रहे हैं, जिसको लेकर नगर में चर्चाएं हो रही हैं कि यह लड़का ऐसा नहीं था जैसा कि इसने काम कर लिया है।

# उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटरों को लेकर जताई गहरी नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। जैसे-जैसे इन मीटरों की इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया तेज हुई है वैसे-वैसे नगरवासियों के बीच इसका विरोध भी बढ़ता जा रहा है।

नागरिकों का कहना है कि ये मीटर आम आदमी की जेब पर सीधा हमला हैं और पहले से ही महंगी बिजली दरों के बीच यह तकनीकी बदलाव उन्हें और अधिक आर्थिक बोझ तले दबा देगा। नगर में स्मार्ट मीटर को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चाएं हो रही है कि स्मार्ट मीटर एक डिजिटल मीटर है जो रीयल टाइम में बिजली की खपत को रिकॉर्ड करता है और सीधे सर्वर पर भेजता है, इससे बिलिंग में पारदर्शिता की बात कही जाती है लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटरों में यूनिट पहले की अपेक्षा तेजी से बढ़ती हैं। कई लोगों ने यह भी दावा किया कि मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक दोगुनी-तिगुनी वृद्धि हो गई है। जानकारों ने बताया है कि रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कट जाती है। पोस्टपेड से हटाकर उपभोक्ताओं को प्रीपेड प्रणाली में जबरन डाला जा रहा है, जिससे अगर रिचार्ज समय पर न हो तो बिजली सप्लाई तुरंत बंद हो जाती है। यह प्रणाली गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। लोगों के द्वारा मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर की लगाने की कोई जरूरत नहीं है जब पुराने मीटर के द्वारा कई वर्षो से सही रीडिंग के अनुसार बिजली का बिल जमा किया जा रहा है तो अब इस स्मार्ट मीटर की आवश्यकता क्यों पड़ गई है। इससे लोगों की जेब पर भारी बोझ पड़ने की संभावना है, जिन लोगों के घरों पर स्मार्ट मीटर लग गए हैं उनके दो चार दिन में ही दुगने यूनिट बन गए हैं। जो उन उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय बन गया है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की जिलास्तरीय बैठक

## सेवा सुरक्षा पुरानी पेंशन सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर आज मूर्ति देवी सरवती इंटर कॉलेज नजीबाबाद में एक दिवसीय बैठक आयोजित हुई।

जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता तथा विनोद कुमार जिला मंत्री के संचालन में वक्ताओं ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के अतिरिक्त मंडल स्तर तथा राज्य स्तर पर लंबित विभिन्न प्रकरणों के विषय में संगठन का ध्यान आकर्षित किया।

जिला मंत्री विनोद कुमार ने विगत दिनों प्रयागराज में आयोजित संगठन की गोष्ठी में पारित 16 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित शिक्षकों को उसकी विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष तथा संरक्षक ने उपस्थित सभी शिक्षकों से अपनि शाखाओं में सदस्यता एकत्र कर शीघ्र जमा करने का भी किया।

सभी शिक्षकों ने उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम महेश्वरी, वरिष्ठ शिक्षकों अनिल योगी, पृथ्वीराज सिंह, सचिन कुमार, अवनीश कुमार आदि की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सभा को वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक, जिला संरक्षक विनेश त्यागी, रविंद्र कुमार शर्मा, कैलाश शास्त्री, भानुप्रताप, वीर सिंह, संजय सिंह, ब्रजवीर सिंह आदि शिक्षकों ने संबोधित किया।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में सनसनी

## पुलिस कर रही हर पहलू पर जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सलावा में उस समय हड़कंप मच गया। जब ग्रामीणों ने जंगल में एक पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ देखा। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।

पुलिस के अनुसार शव की स्थिति और घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध लग रही हैं, जिसके चलते कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी साजिश के तहत हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया है।

ग्रामीणों में घटना को लेकर चर्चा का माहौल है।

# चूड़ियाखेड़ा में रामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन



## गूंजे श्रीराम के जयघोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव चूड़ियाखेड़ा स्थित भाई-बहन मंदिर परिसर में रविवार को श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का दिव्य एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। धर्म और श्रद्धा से ओतप्रोत इस कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ हुई। पंडित हिमंचल शर्मा ने मुख्य यजमान अनुज चौधरी व उनकी पत्नी अंशु देवी से पूजन कराकर रामकथा का शुभारंभ कराया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा रहा। श्रीरामचरितमानस के बालकांड, अरण्यकांड और सुंदरकांड की संगीतमयी प्रस्तुति ने श्रोताओं को भक्ति की अनुभूति कराई। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से जुड़ी कथाओं, मर्यादा, त्याग, समर्पण और कर्तव्यभाव का श्रवण कर भाव विभोर हो उठे। पाठ के प्रत्येक प्रसंग में जीवन के गूढ़ संदेश समाहित रहे, जिससे श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और प्रेरणा प्राप्त हुई। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्ति, शांति और श्रद्धा के आलोक से आलोकित रहा। रामनाम के संकीर्तन और जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें ब्रह्मपाल सिंह, सुखदेव, हेमंत सिंह, हरपाल सिंह, राजन चौधरी, रामचंद्र सिंह, बाबूराम आर्य, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार सहित अनेक ग्रामीण जन शामिल रहे।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीण समाज में एकता, संस्कार और सत्कर्म की भावना को भी मजबूत करता दिखाई दिया।

# यौमे आशूरा पर गमगीन माहौल में ताजिये दफन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में मौहर्रम की दस तारीख को यौमे आशूरा पर सवेरे आठ बजे से देर रात तक मजलिसों व जुलूस का सिलसिला जारी रहा।

मजलिसों को जाकिरे अहलेबैत मौहम्मद रजा, मौलाना अहमद रजा जैदी व मौलाना मैहदी अब्बास जैदी ने खिताबत किया। मौलाना मैहदी अब्बास ने मजलिस को खिताबत करते हुए कहा की इमाम हुसैन ने सन 61 हिजरी को करबला के मैदान में अपने भरे घर को कुर्बान कर दिया, मगर दीने इस्लाम को कयामत तक के लिये जिन्दा कर दिया। इमाम हुसैन की इस कुरबानी को दुनिया ता कयामत भुला नहीं सकती। मौलाना ने मजलिसों में शहादते हजरत इमाम हुसैन बयान की, जिसे सुनकर जायरीन जारो कतार रो रहे थे।

इमाम बारगाह से शबीहे जुल्जनाह इमाम हुसैन, शबीहे ताबूत हजरत अली अकबर, शबीहे गहवारा हजरत अली असगर व शबीहे अलम हजरत अब्बास का व ताजियों का जुलूस निकाला गया जो गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ अम्हेड़ा चौराहा होते हुए कर्बला पहुँच कर खत्म हुआ, जहाँ नम आँखों से ताजिये दफन किये गये।

मजलिसों में मर्सियाखानी मौहम्मद रजा, मौहम्मद अब्बास, नायाब हैदर, मौहम्मद आलम, शमशाद हुसैन, मौहम्मद सालिम, शाहवेज ने पेशखानी रईस जैदी, शमशाद हुसैन व शाने हैदर ने की तथा नोहे खानी सालिम जैदी, शमशाद हुसैन, फिरोज मैहदी, रियाजुल हसन, रौशन अब्बास, सादिक रजा, गाजी अब्बास, अम्मार जैदी, यजदान जैदी ने की।

जुलूस में कमाल जैदी, मीसम जैदी, शौजब जैदी, सालिम जैदी, दानिश जैदी, रईस जैदी, मौहम्मद अली, जाफर जैदी, शुजा, आसिफ आशू, असद अली, मौहर्रम अली, शाने अब्बास, जीशान हैदर, निहाल हैदर आदि सैकड़ों युवाओं ने जनजीरों व छुरियों का मातम किया। कार्यक्रम का संचालन शाही वास्ती ने किया।

# आजाद वेलफेयर सोसाइटी ने बंकी मस्जिद पर लगाया पानी का फ्रीजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आजाद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बंकी मस्जिद पर एक ठंडे पानी का फ्रीजर (वाटर कूलर) लगवाया गया, जिसका उदघाटन वरिष्ठ चिकित्सक नजाकत हुसैन मिर्जा, डॉक्टर एहसान उल करीम व सोसाइटी के सभी जिम्मेदारों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। यह पहल स्थानीय लोगों की सुविधा और सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए की गई है।

इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर नूर अहमद, संरक्षक हाजी अकील सलमानी, उपाध्यक्ष रियाज सलमानी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर शाहनवाज, वरिष्ठ चिकित्सक नजाकत हुसैन मिर्जा, डॉक्टर एहसान उल करीम, बब्बू बिजली वाले, बदर आलम, सेक्रेटरी डॉक्टर अमजद, डॉक्टर आदिल जमील, उमर हयात, मुफ्ती शामिल, मोहम्मद परवेज, डॉक्टर शाकिर हुसैन, हाजी सुलेमान अंसारी, मोहम्मद फैसल, भूरे सलमानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नजाकत हुसैन मिर्जा ने कहा कि गर्मियों में प्यासे को पानी पिलाना बहुत बड़ा सवाब का काम है और यह इंसानियत और खिदमत का सबक भी देता है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा और मोहब्बत बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि आजाद वेलफेयर सोसाइटी की यह कोशिश काबिले-तारीफ है और हम सभी को ऐसे नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। समाजसेवा की इस सराहनीय पहल के लिए स्थानीय लोगों ने सोसायटी की खूब प्रशंसा की।

## उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम लागू हुआ

# कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- दुकानदारों को अपनी पहचान नहीं करनी होगी सार्वजनिक, क्यूआर कोड में छिपी होगी हर जानकारी
- ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण जान सकेंगे

**लखनऊ।** यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अब अपनी पहचान सार्वजनिक करने की अनिवार्यता से छूट मिल गई है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत हर दुकानदार को अपनी दुकान पर क्यूआर कोड युक्त प्रपत्र प्रदर्शित करना होगा।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण आसानी से जान सकेंगे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के नाम और मालिकों की जानकारी को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। अदालत ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद 24 सितम्बर 2024 को यूपी सरकार ने राज्यभर के भोजनालयों के लिए मालिकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के नाम-पते प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया। हालांकि, एफएसडीए एक्ट में नाम जाहिर करने का कोई प्रावधान न होने के कारण अब दुकान का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। एफएसडीए ने ग्राहक संतुष्टि के लिए एक विशेष प्रपत्र तैयार किया है, जिसमें दुकान का लाइसेंस नंबर, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल और टोल-फी नंबर के साथ क्यूआर कोड शामिल है। ग्राहक इस कोड को स्कैन कर दुकानदार की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और फूड सेफ्टी कनेक्ट एप के जरिये फीडबैक भी दे सकेंगे। यह व्यवस्था यात्रियों के लिए भोजन की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। नए सिस्टम के तहत ग्राहक खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे। शिकायत अपलोड होते ही विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना मिलेगी, और नजदीकी खाद्य निरीक्षक तुरंत जांच के लिए पहुंचेगा। प्राथमिक जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया जाएगा। मिलावटखोरी रोकने के लिए एफएसडीए ने व्यापक रणनीति बनाई है। कांवड़ यात्रा मार्गों और धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालुओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा, विभाग की मोबाइल वैन भी तैनात रहेगी, जहां लोग खाद्य पदार्थों की जांच करा सकेंगे।

## ढाबों पर दिखे असली नेमप्लेट, किसी के साथ न हो धार्मिक छलः कपिल देव

**सम्भल।** योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि कांवड़ यात्रा पर वाले रास्तों के ढाबों पर असली नेम प्लेट दिखनी चाहिए, क्योंकि यह विषय धार्मिक भावना से जुड़ा है। जो लोग हिंदू धार्मिक नामों से ढाबा चला रहे हैं, लेकिन वहां नॉनवेज परोसा जा रहा है, वह समाज में भ्रम और विवाद पैदा करते हैं। यदि किसी ढाबे पर वैष्णो या दुर्गा नाम लिखा हो और वहां मांसाहार परोसा जाए, तो श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है। किसी को खाना बनाने या ढाबा चलाने से रोका नहीं जा रहा, बस पारदर्शिता जरूरी है।

# इटावा सफारी की योगी सरकार कर रही है अनदेखीः अखिलेश

**इटावा, वार्ता**

एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है, जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी, लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है, इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं। वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं, लेकिन सबसे बघ आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्नी को कमरे में बंदकर लगाई आग

## महिला के साथ जमकर मारपीट, गंभीर हालत में दिल्ली अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद में एक महिला को उसके ही पति द्वारा तेल छिड़क कर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। झुलसी महिला की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है और उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता वंदना देवी के भाई विकास राजपूत ने कोतवाली धामपुर में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन की शादी लगभग 25 वर्ष पूर्व चन्द्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी नौरंगाबाद, धामपुर के साथ हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद से ही आरोपी पति वंदना के साथ मारपीट, गाली-गलौच और मानसिक प्रताड़ना करने लगा। परिजनों के अनुसार, चन्द्रशेखर नशे का आदी है और अक्सर नशे की हालत में वंदना को बेरहमी से पीटता रहा है। इस संबंध में





पहले भी कई बार कानूनी कार्रवाई और पंचायतें हो चुकी हैं, लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। परिवार ने आरोप लगाया कि 5 जुलाई की शाम किसी बात पर विवाद होने के बाद चन्द्रशेखर ने वंदना के साथ जमकर मारपीट की, फिर उसे एक कमरे में बंद कर तेल छिड़क कर आग लगा दी। वंदना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक इलाज के बाद दिल्ली रैफर कर दिया गया, जहां वह सफदरजंग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। परिजन कोतवाली धामपुर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों मैं हड़कंप मचा है।

## प्लम्बर की दुकान में चोरी

**स्योहारा।** नगर के इस्लामनगर निवासी मौ. अकरम पुत्र मौ. असलम जो पेशे से पलम्बरिंग पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। उनकी दुकान ग्राम फैजुल्लापुर में नूरपुर-स्योहारा राज्य राजमार्ग पर स्थित है। वह रोज की तरह रात लगभग 8:15 बजे दुकान बंद कर घर लौट गए थे लेकिन रात्रि के किसी समय अज्ञात चोर दुकान के लिंटर के नीचे की दीवार में कुंबल लगाकर अंदर घुसे और गल्ले में रखे लगभग 45,000 रूपए नकद के साथ-साथ पीतल धातु की टंकियां, सलेंडर, डोल्ची व अन्य कीमती पिलम्बरिंग सामान चुरा ले गए। सुबह दुकान का हाल देखकर उनके होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत स्थानीय थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की। मो. अकरम ने पुलिस से उचित कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी व चोरी गए माल की बरामदगी की अपील की है। वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हुसैन जीत गए ये सबूत है वरना, जुलूस हारने वालों के कब निकलते हैं

# फिज़ाओं में गूंजी या हुसैन या हुसैन की सदाएं

### जुलूस देर रात कबरला पहुंच कर हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोगीरम्पुरी/नजीबाबाद।** रोजे आशूरा यानि 10-मोहर्रम का जुलूस बहुत ही श्रद्धा और सोगपूर्ण माहौल में इमामबाड़ा दरबारे हुसैनी रमपुरी सादात से बरामद किया गया।

मजलिस की मरसिया खानी जावेद हुसैन, नईम अब्बास, कुदरत हुसैन, तनवीर अब्बास, जमाल अहमद ने की तथा मजलिस को खिताब जिता मौलाना गोहर अली रिजवी ने, आपने फरमाया कि करबला की जंग कोई दो शहजादों की जंग नहीं थी। बल्कि हक और बातिल



की थी। जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने और इंसानियत को बचाने के लिये थी। यजीद जैसा क्रूर शासक इस्लाम के कानून को अपने अपने हिसाब से चलाना चाहता था। रसूल के नवासे इमाम हुसैन से बैयत कराना चाहता था। इमाम हुसैन के इंकार से उसने इमाम हुसैन को कत्ल करने का मंसूबा बनाया और करबला में तीन दिन के भूखे प्यासे सभी इमाम हुसैन के घर वालों और साथिओं को एक ही दिन में शहीद कर दिया। जुलूस में नोहा ख्वानि कसर अब्बास, रहबर अब्बास, हसन अब्बास, आजम अब्बास, अली, मन्नान, वाजिद रजा, साजिद रजा, गुलाम ईरानी आदि ने की। जुलूस का नेतृत्व कुदरत हुसैन और सुहैल अब्बास ने किया। जुलूस अपने परम्परागत रास्तों से होता हुआ देर रात में करबला पहुंच कर संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष संजय सिंह अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# 10वें मोहर्रम यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला

### ताजियों को परम्परागत तरीके से कबरला में दफन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दसवें मोहर्रम यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला गया। जुलूस में सौगवारों ने दिल दहला देने वाला मातम किया। ताजियों को परम्परागत तरीके से कर्बला में दफन किया गया।

रविवार को दसवीं मोहर्रम पर गिजाल मेहंदी के मेहंदी विला आवास पर मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें इमाम हुसैन की शहादत पर रोशनी डाली गई। इसके बाद नगर के मौहल्ला इमामबाडा रसूलदारान से रोशन चौकी के साथ मोहर्रम का जुलूस शुरु हुआ। जुलूस निर्धारित मार्गों मोहल्ला पौगजान, मीरा की सराय, दरबार सादात, नौधा, धामपुर मार्ग से होता हुआ धामपुर मार्ग स्थित कर्बला में पहुंचा। जहां परम्परागत तरीके से ताजियों को दफन किया गया। युवकों ने छुरिये व जंजीरों से खूनी मातम किया। जुलूस में अकीदत मंद सौगवार मातम और नौहा पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस का जगह-जगह मौजूदा लोगों द्वारा इस्तकबाल किया गया। जुलूस में सैय्यद सरकार हैदर जैदी, जाफर जैदी, सैय्यद विसाल मेहंदी, मतानत हुसैन जैदी, सैय्यद गिजाल मेहंदी, अब्बास जैदी, सैय्यद इंतजार हैदर जैदी, मंजूर जैदी, सैय्यद मौहम्मद हैदर, मास्टर इमाद अनवर, सैय्यद फुजैल जैदी, उमैर अख्तर, सैय्यद सलमान हैदर, सबाहत सलम, सैय्यद कुमैल जैदी, सैय्यद सबील जैदी, अवैस जकी, सिकंदर इकबाल आदि अकीदमंद लोग उपस्थित रहे। इसके





अलावा क्षेत्र के बूढ़पुर, ग्राम सदरूद्दीन नगर, पप्सरा, आकू, मीमला मुस्तफाबाद, सालारपुर, फुलसंदा, अलीनगर सहित 21 गांवों में भी दसवें मोहर्रम का जुलूस परम्परागत तरीके से निकाला गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मुस्तैद रही। एसडीएम धामपुर रितु रानी, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय, कोतवाल धीरज नागर आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## मोहर्रम के जुलूस में सोगवारों ने किया खूनी मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में 10 मोहर्रम को इमामे हुसैन की शहादत की याद में जुलूस निकाला गया। जुलूस में सोग. वारों ने जंजीरों से मातम किया। जुलूस में या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच कर्बला में ताजिए दफन किए गए। रविवार सुबह से ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया था।

थाने के पास स्थित किला इमामबाड़ा में दसवीं मोहर्रम की मजलिस की गई। मजलिस को मौलाना कुमैल अब्बास रिजवी ने खिताब किया। उन्होंने कर्बला की घटना को तारीखे इस्लाम की सबसे महत्वपूर्ण घटना बताया। इसके आगे कहा कि मक्कारी से खलीफा बनने वाले यजीद ने मौहम्मद साहब की सदाओं को बदल दिया था। यजीद ने हरामे मौहम्मदी के हलाल और हलाले मौहम्मदी को हराम करार दे दिया था। इस मौके पर अर्शी आब्दी, फरहत आब्दी, गजनफर हसनैन, हुसैन अब्बास, हैदर अब्बास ने नोहा ख्वानी की।

नगर के मुख्य मार्गों जामा मस्जिद, बारादरी, सुनहरी मस्जिद, बड़ा मंदिर, मौहल्ला सरायमीर, मौहल्ला शाहजहीर से मोहर्रम का जुलूस शांति पूर्वक निकाला गया। जुलूस में कई अलम व ताजिए शामिल रहे। रविवार की दोपहर थाने के निकट सफदर वाली मस्जिद से आधा दर्जन से अधिक अलम व दो ताजियों के साथ जुलूस शुरू हुआ। परंपरागत मार्गों पर होते हुए धामपुर मार्ग पर स्थित कर्बला में जाकर ताजिए दफन किए गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए खुद एसडीएम आशुतोष जयसवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह जुलूस में मौजूद रहे। एसआई सुभाष तोमर पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ-साथ रहे।

इस मौके पर डॉ. आलमगीर काजमी, सलीम हैदर, सलमान हैदर, अर्शी आब्दी, फरहत आब्दी, गजनफर हसनैन, चांद मियां, शद्दन मियां, तवक्कुल हसनैन, जावेद सिब्तैन, परवेज सिब्तैन, हसन मुस्तफा, मुत्तकी मुराद, मौहम्मद सिबतैन, अली जाफरी, हसन जाफरी, एजाज हैदर, मौहम्मद हसनैन, मैराज जैदी आदि मौजूद रहे।

## किशोरी पर गुलदार का हमला

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव झारखंडी निवासी विजय कुमार की 15 वर्षीय पुत्री सिंपल अपनी मां पूनम व अन्य महिलाओं के साथ गांव के पास ही जंगल में घास काटने गई थी। बताया जाता है कि सिंपल ईख के खेत के पास घास काट रही थी। इसी दौरान ईख के खेत से निकलकर आए गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। सिंपल के हाथ पर गुलदार ने झपटा मार दिया। सिंपल ने दूसरे हाथ में ले रखी दराती से गुलदार पर वार करते हुए अपने आप को बचाया। शोर शराबा सुनकर मां पूनम व अन्य महिलाएं भी मौके पर पहुंच गई और शोर मचा दिया। इसी दौरान गुलदार वहां से भाग खड़ा हुआ। बताया जाता है कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में गुलदार गांव मुकर्रमपुर व अमीनाबाद के दो बालकों पर हमला कर घायल कर चुका है। सिंपल के हाथ पर गुलदार के झपटा मारने के निशान मिले है। सिंपल गुलदार के हमले से बाल बाल बच गई। गुलदार के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि मामले की जानकारी कराकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

# मातम कर लहुलूहान हुए सोगवार

### जुलूस शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** हिजरी कैलेंडर के प्रथम माह की 10 वीं तारीख को हजरत पैगंबर मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कर्बला के मैदान में हुई शहादत की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम को लेकर थाना क्षेत्र के हिदायतपुर, मकसूदाबाद, आनंदीपुर, सुआवाला गांवों में रविवार को मुहर्रम का पर्व अकीदतमंदों ने सोगवार माहौल में मनाया।

हजरत इमाम हुसैन और शोहदा-ए-कर्बला की याद में मुहर्रम कमेटी द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया तथा मुहर्रम के ताजिया के जुलूस में अकीदतमंदों ने जमकर अखाड़ों का आयोजन किया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने पर्व के



दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह-जगह पैरामीट्री फोर्स एवं पुलिस बल की तैनात था।

मुहर्रम कमेटी की देखरेख में मुख्य परिसर में पहुंचकर ताजियों का





मिलन किया गया, ताजिया मिलन देखने के लिए पुरुष महिलाओं व बच्चों का जनसैलाब उमड़ पड़ा अखाड़ा व ताजिया के साथ युवाओं ने भी मुख्य मार्ग से लेकर गांव तक जगह-जगह अकीदतमंदों ने हजरत ईमाम हसन-व हुसैन की याद में या हसन, या हुसैन, या अली, कर्बला शोहदाअओं की याद में नारे लगाते हुए मरसिया पढ़ते हुए मातम भी कर रहे थे वहीं अधिकतर महिलाओं ने कर्बला के शोहदाओं के ऐसाल ए सवाब के लिए रोजा रखा। ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकले ताजियादार और अखाड़ेदार जुलूस के माध्यम से कर्बला मैदान पहुंचकर ताजियों को दफन करने की रस्म अदा की गई। सभी स्थानों पर मोहर्रम के पर्व का जुलूस शांति और सौहार्द के साथ सद्भावना पूर्ण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला से नूर हसन, अब्दुल मुतल्लिब,आखड़ा खिलाफा तफसील अहमद, मौहम्मद नाजिम, नफीस अहमद, नजाकत हुसैन, खुर्शीद, मंसूर अली, हाजी बुन्दू, शकील अल्वी, कलवा, नौशाद, बाला जी मंदिर मनत मोहित त्यागी मकसूदाबाद में इब्राहिम, जाकिर हुसैन, जाफर अली, अली हसन, मोबिन अहमद थे। सुरक्षा के दृष्टिगत विवेकानन्द कासमपुर चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार, एसआई शेर सिंह, वरुण कुमार चौधरी, सुरेश कुमार, विपिन मान, रवि कुमार, प्रशान्त कुमार व एक बटालियन पैरामिलिट्री फोर्स आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जनसेवा केंद्र का उद्घाटन



**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच से सपा के संभावित जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी सलीम अहमद ने ग्राम मंझौला बिल्लौच में आरिफ खान के जनसेवा केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी जरूरी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम में जनसेवा केंद्र के खुलने से ग्रामीणों का फायदा भी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सपा सरकार में युवाओं की भलाई के लिए कई योजनाओं का संच. ालन किया जा रहा था। वर्तमान में युवा वर्ग सब से ज्यादा परेशान है। इस मौके पर सपा नेता दानिश खान, युवजन सभा के जिला महासचिव तुषार शेखावत, युवजन सभा के नगर अध्यक्ष शानू मीर, मुकर्रम अल्वी, युवजन सभा के जिला सचिव आरिफ खान, जुल्फिकार खान, नदीम खान, माईन खान, मंसूर खान, मौहम्मद इकराम आदि मौजूद थे।

### सपा की बैठक 13 को

**बिजनौर।** सपा के जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर खान ने बताया कि पार्टी की मासिक बैठक 13 जुलाई को प्रात: 11 बजे जिला कार्यालय पर होगी। इस बैठक में प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के बारे में जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के द्वारा विस्तार से बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों ने अभी तक पार्टी कार्यालय में अपनी कमेटियों की सूची जमा नहीं की है। वह इस बैठक में सूची लेकर जरूर आए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय से पूर्व बैठक में पहुंचने का आह्वान किया है।

### आदिल अब्दुल्ला ने पास की सीए की परीक्षा



**नहटौर।** नगर के मौहल्ला ईदगाह निवासी आदिल अब्दुल्ला फारूकी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदिल की इस उपलब्धि से परिजनों में खुशी का माहौल है। नगर के मशहूर पेंटर बुक डिपो मरहूम नूर अहमद पेंटर के पुत्र है। आदिल के बड़े भाई अली जमीन ने बताया कि आदिल बचपन से ही पढ़ाई में होशियार रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के एचएमआई इंटर कॉलेज से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी । अली जमीन ने बताया कि हाईस्कूल के बाद से ही आदिल ने सीए बनने के सपने देखे थे। इंटर पास करने के बाद वह दिल्ली तैयारी करने चले गए। उसके बाद से वह मेहनत के साथ तैयारी में जुटे थे। रविवार को जारी हुए सीए के परीक्षाफल में वह उत्तीर्ण होने में कामयाब रहे। यह सूचना मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। आदिल के घर पर मास्टर अलीम, प्रिंसिपल एचएमआई इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सैयद बिलाल जैदी, हाफिज साजिद, अजीजुर्रहमान फारूकी, मास्टर रिजवान सैय्यद हसन, हामिद सलमानी, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद दानिश, पवन चंद्र, मंजूर जैदी, सामाजिक लोगों ने बधाई दी है । आदिल ने अपनी सफलता को श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है।

## मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में मोहर्रम का त्यौहार पूरी श्रद्धा, सुरक्षा और शांति के साथ संपन्न हुआ।

नगर से सटे ग्राम अलादीनपुर ओर मंसूर सराय में इस अवसर पर हर वर्ष की भांति मोहर्रम का मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। मेले में स्थानीय नागरिकों के अलावा आसपास के गाँवों से भी भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान अखाड़े के खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी मार्शल आर्ट लाठी चलाना, तलवारबाजी व अन्य पारंपरिक कलाएं प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। ग्राम अलाद. ीनपुर के मेले में एवं अखाड़े में नए-नए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए थे। रोड को डिवाइड किया गया ताकि मेला और आम यातायात में किसी प्रकार की बाधा न आए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ग्रामवासियों और मेले में आए दर्शकों ने प्रशासन की व्यवस्था की जमकर सराहना की और कहा कि त्यौहार का यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर सामने आया।

### पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था को रखा दुरुस्त

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए थे और आमजन के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए एवं सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के द्वारा भी अपना पूरा सहयोग दिया गया और नगर के मोहर्रम रोड स्थित सभी जगह पर पानी की व्यवस्था में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने में अपना योगदान दिया है।

इस मौके पर अलादीनपुर अखाड़ा कमेटी के मौजूद लोगों में अपना सहयोग देने वाले शहजाद प्रधान, यमन प्रधान, मेंबर इरफान अली, कासिम प्रधान, मौ. युसुफ, नाजिर अंसारी, मतलूब उस्ताद अंजार, खलीफा गफ्फार प्रधान, नोशाद, अकबर, असलम, खलीफा नदीम, भूरा अहमद, सादाब, अकबर, हाजी इल्लिया, असिम, आरिफ, अहमद अली, सादाब, हबीब, रहीस प्रधान, अफजाल, मौ. अजीम, आसिफ, हनीप्ऱ अजमत सादानी, मौ. अहजाज, दिलशाद मरजानी, नसीर, शहजाद, इशाक आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# विनीत हत्याकांड में चार गिरफ्तार

## प्रिंस शर्मा व विशाल शर्मा ने साथियों साथ मिलकर बेदर्दी से मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विनीत हत्याकांड में प्रिंस शर्मा व विशाल शर्मा सहित चार अभियुकतो को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम रहटा बिल्लौच के पास नहर में 27 जून को एक शव बरामद हुआ था। स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होना प्रकाश में आया।इस सम्बन्ध में दिलशाद पुत्र शहादत निवासी ग्राम रहटा बिल्लौच द्वारा अज्ञात के विरुद्ध मु.अ.सं. 300/2025 धारा 219/25 व 103(1) भा.द.सं. अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान मृतक की शिनाख्त विनीत कुमार (27 वर्ष) पुत्र हरिओम निवासी मौहल्ला घोसीपुरा, कांठ के रूप में हुई। अभियोग की गम्भीरता को देखते हुए मुखबिर की सूचना पर





अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया सभी पांच अभियुक्त कांठ थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। पुलिस ने प्रिंस शर्मा पुत्र वीरेंद्र शर्मा निवासी ग्राम नसीरपुर, विशाल शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी मोहल्ला चौक बाजार, हरविंदर पुत्र उमेश कुमार निवासी ग्राम बेगमपुर एवं आकाश पुत्र अशोक निवासी ग्राम बेगमपुर को गिरफ्तार किया है। जबकि अमन चंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला चौक बाजार थाना काठ फरार हो गया। अभियुक्तों के पास से वारदात में इस्तेमाल डंडा व एक बेल्ट तथा मारुति कार को बरामद किया गया है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त विशाल ने बताया कि उसने छह माह पूर्व विनीत से दस हजार रुपए उधार लिए थे तथा विनीत लगातार पैसे की मांग कर रहा था। जिससे विशाल मानसिक रूप से दबाव में था। अभियुक्त विशाल का दोस्त प्रिंस शर्मा ट्रस्ट 'हिन्दू फ्रीडम फंड' का मालिक है। विनीत इसमें मैनेजर था। वह भी विनीत से पैसों को लेकर विवाद कर रहा था। क्योंकि विनीत ने संस्था के पैसे अपने और अन्य खातों में डालकर गबन कर लिया था। प्रिंस के बार-बार तकाजों के बावजूद जब विनीत पैसे नहीं लौटा रहा था और न ही आ रहा था, तब प्रिंस व विशाल ने अपने दोस्त अमन, हरिओम व आकाश के साथ मिलकर विनीत की हत्या करने की योजना बनाई। योजना के अनुसार अभियुक्तगण विशाल, हरिओम, अमन व आकाश ने मिलकर 26 जून को विनीत को ग्राम हीरापुर स्थित रामगंगा पुल थाना कांठ के पास जंगल में बुलाकर जमकर शराब पिलाई। अधिक नशा होने पर अभियुक्त विशाल ने डंडे से व हरिओम ने बेल्ट से कातिलान हमला कर दिया।जब वह अर्ध बेहोशी की हालत में था, तब अभियुक्तगण विनीत को मारुति कार में डालकर रामगंगा नहर में पुलिया पर लाकर गला घोटकर उसकी हत्या कर दी तथा शव को रामगंगा पोखर नहर में पुल के नीचे फेंक दिया।

# दस मोहर्रम को ताजियों का जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दस मोहर्रम को शिया समुदाय के लोगों द्वारा नगर में ताजियों का जुलूस निकाल कर जंजीरों और छुरियों से मातम कर खुद को लहुलुहान कर लिया। वहीं सुन्नी समुदाय के लोगों ने अखाड़े निकाल कर हैरतअंगेज करतब दिखाए।

नगर के मौहल्ला खुराड़ा स्थित इमामबाड़ा सादात से अन्जुमने गुन्जाय पंजेतनी के बेनर तले शुरू ताजियों का जुलूस निकाला गया। जो इमामबाडा सादात से बाद नमाज ए जौहर शुरु होकर निर्धारित मार्गो से होता हुआ पूर्व चेयरमैन स्व. खुर्शीद आलम की कोठी के सामने पहुंचा। जहां हरदोई से आए मौलाना सै. आबिद रजा ने जुलूस को खिताब करते हुए कहा कि अगर इमाम हुसैन यजीद की बैयद कर लेते, तो आज इस्लाम मिट गया होता । यजीद हलाल को हराम और हराम को हलाल कराना चाहता था। पर इमाम हुसैन ने अपनी और पूरे घर वालों की शहादत देकर यजीद के मंसूबों पर पानी फेर दिया और आज इस्लाम जो हम तक पहुंचा वो इमाम हुसैन की देन है। यजीद ने सात मोहर्रम से इमाम हुसैन के घरवालों का खाना पानी बन्द कर दिया था और दस मोहर्रम को बहात्तर लोगों का कत्ल




किया। जिसमें छह महीने के अली असगर भी शामिल थे। मजलिस के बाद ताजियो, झुला अली असगर, अलम अब्बासे अलमदार बरामद हुआ। उसके बाद अन्जुमने गुन्चये पंजेतनी ने जंजीरी मातम किया। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ रात्रि आठ बजे इमामबाड़ा पहुंचकर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। जुलूस में पुलिस प्रशासन, पालिका प्रशासन, विद्युत विभाग के अधिकारियों का शिया समुदाय के अध्यक्ष एहताशाम जैदी ने आभार व्यक्त किया। जुलूस की अध्यक्षता एहताशाम जैदी संचालन शकील हैदर व शमीम हैदर ने संयुक्त रुप से किया। जंजीरों से मातम करने वालों में हैदर अब्बास, शारिक जैदी, कमाल हैदर, अली जैदी, मौहम्मद अब्बास, फिरोज जैदी, सै. अली जैदी, जमाल हैदर, मौहम्मद सादिक, शमीम हैदर, कुमैर जैदी, फैजान जैदी, निसार हैदर, सालिम रजा, हादी रजा, आहिल राजा सलमान अख्तर, साजिद हैदर, रहबर अब्बास, मौहम्मद जैदी, अली हसनैन, एजाज हैदर, मेहर अली, शारिक जैदी, हैदर अब्बास, जमन अयान जैदी, फरमान मुख्तारुल हसन मिसम, जिया, बाबर, नदीम हैदर, अली जैदी आदि ने जंजीरी मातम किया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं नगर पालिका की ओर से जुलूस के मार्गों पर साफ सफाई कराकर चूना डलवा रखा था। विद्युत विभाग की टीम भी ताजियों में अढ़ रहे बिजली के तारों को ऊपर करते हुए चल रही थी। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ रात्रि आठ बजे इमामबाड़ा सादात जाकर सम्पन्न हुआ।

# भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल की माता का निधन

### अंतिम यात्रा में शामिल हुए जिला व प्रदेश से आए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता का शनिवार रात्रि निधन हो गया था। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार प्रात: नौ बजे से उनके गांव हुरनंगला से प्रारंभ होकर भूरापुर पहुंची तथा वहां से वाहनों द्वारा गंगा बैराज बिजनौर के लिए अंतिम संस्कार हेतु रवाना हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, यशपाल सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, प्रमोद चौहान, राजीव अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, भाजपा नेता रोहित रवि, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलौत, पूर्व जिला अध्यक्ष मुरादाबाद राजपाल सिंह, अजीत अग्रवाल, सौरव मित्तल, कृष्ण बलदेव सिंह, संजय वर्मा, सरदार हरमीत सिंह, तिलक राज मुथरेजा, सचिन शर्मा, अमन कुमार, रोबिन चौधरी, जिला महामंत्री नरेश भाटी, अतुल भारती, मनोज टंडन, शिवा मिगलानी, जितेंद्र राठी, प्रधान रोहित शर्मा एवं प्रदेश भर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सुनील भाकियू के नए जिलाध्यक्ष

### सत्यवीर ने बीमारी की वजह से दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सुनील प्रधान को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू के मौजूदा जिलाध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे है। बताया जाता है कि उन्हें लीवर की बीमारी है। जिसके इलाज की वजह से उन्हें





बाहर जाना पड़ रहा है और वह संगठन के विभिन्न आंदोलनों में भी हिस्सा नहीं ले पा रहे थे। इसीलिए संगठन एवं किसानों के हित में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसे नेतृत्व ने मंजूर कर लिया।

इसी क्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम नांगल जट निवासी प्रखर किसान नेता सुनील प्रधान को संगठन का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह को संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

गौरतलब है कि जनपद में भाकियू (टिकैत) का संगठन सबसे ज्यादा मजबूत है। संगठन के द्वारा किसानों के हितों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जाती है। किसानों को इस संगठन से काफी ज्यादा उम्मीदें हमेशा से रहती है। अब सुनील प्रधान के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है। देखना यह है कि वह संगठन को किस तरह चलाते है और कितने मजबूत आंदोलन किए जाते है।

## एक नजर

### पीएचसी सहसपुर में पौधारोपण



**स्योहारा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्योहारा के पीएचसी सहसपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने छायादार और फलदार पौधा रोपित कर अधीनस्थों को भी कम से कम 5 पौधे लगाने और उनकी देखभाल की शपथ दिलाई। डॉ. स्नेही ने बताया कि इस बार एक दिन में प्रदेश की जनसंख्या से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित यह अभियान प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव की अवधि में सीएचसी स्योहारा में जन्म लेने वाले शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और एक सागौन का पौधा उपहार में दिया जा रहा है। बिजनौर जिले में 68 लाख पौधों का लक्ष्य है, जिसमें स्योहारा ब्लॉक के लिए 1235 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। रोपे गए सभी पौधों की जियो टैगिंग और फेंसिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर इम्यूनाइजेशन ऑफिसर, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, फार्मासिस्ट योगेश कुमार, एलटी सुनील कुमार और आई ऑप्टोमेट्रिस्ट सुमित कुमार भी मौजूद रहे और सभी ने पौधरोपण में भाग लिया।

### हादसे में बाइक सवार दो गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** ग्राम निवासी रेहड़ कुरैशियान आफताब, शादाब पुत्र नजाकत अपनी बाइक द्वारा अफजलगढ़ से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम जिकरी वाला भवानीपुर पहुंची, तो अचानक पीछे से आ रही डीसीएस ने बाइक सवार के टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से इलाज के लिए दोनों भाइयों को अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। वहीं पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला स्थित विद्या मंदिर स्कूल में रामगंगा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उजाला हॉस्पिटल काशीपुर से नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राघव, नाक, कान, गला व जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ तथा डॉक्टर अमित वत्सल आर्थो ने 175 मरीजों को निशुल्क जांच कर दवाइयां वितरण की। शिविर में श्री रामगंगा फाउंडेशन के विनोद धारियावाल राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी भटनागर, प्रदेश अध्यक्ष विजय रौतेला, प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदर रावत, जिला अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा व डॉक्टर सी. पी.सिंह, आचार्य पुनीत, फय्याज अहमद , दलपत सिंह प्रजापति, दिनेश बंसल, हरीश ध्यानी, अशोक धारियावाल आदि ने सहयोग किया।

# गमगीन माहौल में मनाया मोहर्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कर्बला के 72 शहीदों की याद मे मोहर्रम नगर व क्षेत्र में पूरी अकीदत व गमगीन माहौल में मनाया गया। इस मौके पर समीपवर्ती ग्राम मेमन सादात में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मातमी जुलुस, जुल्जुना अलम व ताजिय आकर्षण का केंद्र बने रहे।जुलूस में बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं के साथ साथ मासूम बच्चों ने भी अलम उठा कर अपने गम का इजहार किया। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे से मातमी जुलूस सभी इमामबाड़ों से शुरु हुआ और गांव के निर्धारित मार्गो से होता हुआ कर्बला जाकर समाप्त हुआ। जुलूस मे या हुसैन या हुसैन की सदाए बुलंद रही। सोगवार सीनाजनी करते चल रहे थे। मातमी जुलूस शाम के समय



कर्बला जाकर समाप्त हुआ। इससे पूर्व मजलिस का आयोजन किया गया। बुकनाला से तशरीफ लिए मौलाना अली नकी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि ये जंग हक और बातिल के बीच थी जिसमें हक की जीत हुई और ये नारा बुलंद हुआ की इस्लाम जिंदा होता है। हर कर्बला के बाद उन्होंने फरमाया कि हजरत इमाम की शहादत लोग कयामत तक याद रखेंगे जबकि इमाम हुसैन के कातिल यजीद का कोई नाम लेवा नहीं रहा। जुलूस में अंजुमन ए हुसैनी, अंसार ए हुसैनी, सोगवार ए हुसैनी, लश्करे हुसैनी, शुहदा ए हुसैनी, फैजान अहलेबैत व दुआए जहरा आदि अंजुमन के साथी मरसिया व नोहा ख्वानी तथा सीना. जनी करते चल रहे थे जिसमें मर्सिया ख्वानी गुलाब अब्बास, नोहा ख्वानी कैसर मुस्तफा, मसीह हैदर, इसरार जैदी, रियाज जैदी, नय्यर जैदी, डॉक्टर मरगूब, डॉक्टर शिको हैदर, साबिर रजा, खुर्शीद अशरी वगैरह कर रहे थे। सभी मजलिसे एक साथ मातम करते हुए चल रही थी। जुलूस में पूरा गमगीन माहौल रहा। इमली वाले इमामबाड़े से चांदी के आभूषणों से सजा हुआ जुल्जुना बरामद हुआ जो कि आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

जुलूस के बाद सभी ताजियों को कर्बला में दफन दिया गया। जुलूस को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी।

इस मौके पर विधायक मनोज पारस सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इमली वाले इमाम बाड़े के प्रबंधक हसन मुस्तफा ने सभी कार्यक्रमों के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर शासन प्रशासन व स्थानीय थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार का आभार व्यक्त किया। किरतपुर के बसी क्षेत्र व भनेड़ा, हुसैनपुर शकरपुरी आदि में भी मातमी जुलूस निकाले गए।

# सोगवारों ने करबला के शहीदों को याद कर मातम किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के मौहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा कलां से इमाम हुसैन की याद में दस मोहर्रम का जुलूस मुतवल्ली नजाकत हुसैन के जेरे निगरानी में निकाला गया। जुलूस से पहले इमामबाड़े पर मजलिस बरपा की गई।

रविवार शाम पांच बजे इमामबाड़ा कला स्थित मौहल्ला सादात कस्बा झालू में कर्बला के शहीदों को याद करते हुए मजलिस बरपा की गई। बनारस से आए मौलाना नजीब हैदर और नईम अब्बास फंदेड़ी अमरोहा इमाम वल जमात गोयली सादात ने इमाम हुसैन की शहादत और कुर्बानियों को याद दिलाते हुए बताया कि उन्होंने किस तरह से तीन दिन तक भूखे प्यासे रहने के बावजूद दीने इस्लाम को बचाने के लिए अपने आप को शहीद किया। उन्होंने इस्लाम के लिए कुर्बानी देकर यह साबित कर दिया कि जो इमाम हुसैन के रास्ते पर चलेगा, वह हुसैनी होगा और हक पर होगा जो उनके बताए हुए रास्ते पर अमल करेगा वह दीन इस्लाम को कायम करेगा। इस तरह से जो यजीद के रास्ते पर चलेगा। वह यजीदी होगा और वह दीने इस्लाम का दुश्मन होगा। सोगवारों ने जुलूस के दौरान जंजीरों से मातम किया और अपने आप को खलीफा हजरत इमाम हुसैन की याद में खून से लहू लुहान करते हुए सदाए या हुसैन की यादें ताजा की। इस मौके पर बस्ती के सभी हिंदू मुसलमान जुलूस में शामिल हुए। जुलूस के मुख्य मार्ग पर बस्ती के लोगों ने जगह-जगह पर शरबत की छबील लगाकर शरबत पिलाया। वर्तमान नगर अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने भी जुलूस में शामिल सभी सोगवारों और बस्ती वालों के लिए दूध कॉफी का इंतजाम किया। जुलूस में नोहा खानी समीर सुहैल, अमन, लियाकत हुसैन, रजा हुसैन, चांद मियां, समीर, राजू, सरीम, नदीम, दानिश आदि ने की। जुलूस पूर्व की भांति अपने कदीमी रास्तों, जामा मस्जिद चौक, मुख्य बाजार चौक, डाकखाना मार्ग से होता हुआ टंकी कंपाउंड चौक नहटौर रोड, गंगोडा रोड के करीब, पनवाड़ी तालाब के निकट पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर जेरे इंतजाम लियाकत हुसैन, रजा हुसैन, चांद मियां, पूर्व मुतवल्ली शहजाद हुसैन, गुलाम सरवर, अली गजनफर, अली जाकावत, हुसैन इशरत, चांद मियां, समीर राजू, सारिम, नदीम, दानिश आदि मौजूद रहे।

# बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है।

क्षेत्र के ग्राम भज्जावाला निवासी जयप्रकाश सिंह एड. (40 वर्ष) पुत्र मिश्री सिंह बाइक द्वारा भूतपुरी से अपने गांव जा रहा था तथा पूरन सिंह (50 वर्ष) पुत्र नाथू सिंह ग्राम आसफाबाद चमन निवासी भी साइकिल द्वारा भूतपुरी से दवाई लेकर अपने गांव वापसी कर रहा था। जैसे ही आसफाबाद चमन बस स्टैंड पर पहुंचे, तो बाइक व साइकिल में



जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने निजी वाहनों द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मोहित कुमार व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।

गौरतलब है कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। शाम होते ही अधिकतर दोपहिया वाहन चालक शराब के नशे में धुत होकर बिना हेलमेट के बाइक चलाते हैं। जिस कारण शाम के समय अधिकतर दुर्घटनाएं होती है। उधर क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा नदारत है। जिसको लेकर क्षेत्र व नगर वासियों में भारी रोष व्याप्त है।

## छबील लगाकर शरबत पिलाया



**किरतपुर।** मोहर्रम की दसवीं तारीख यौमे आशूरा के मौके पर मंडावर रोड पर राहगीरों के लिए छबील लगाकर शरबत पिलाया गया। इस मौके पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए वहां मौजूद लोगों ने गम और अकीदत का इजहार किया। इस दौरान वहां पर डॉ. फरहत ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन, पैगम्बर हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे थे। उन्होंने उस दौर के जालिम शासक यजीद के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की और हक एवं इंसाफ के लिए कर्बला के मैदान में लड़ते हुए शहीद हो गए। इस जंग में उनके साथ उनके परिजन और कई करीबी साथी भी शहीद हुए। मोहर्रम की यह तारीख इस्लाम धर्म में बेहद अहम मानी जाती है और इसे सब्र, कुर्बानी और सच्चाई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। छबील के आयोजन में डॉ. सैयद फरहत अली, अनस सिद्दीकी, शोएब, सुहैल तारिक, चाहत, शानू आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दसवीं मोहर्रम की मजलिस बुखारा में बरपा

### इमामे हुसैन व उनके साथियों की कुर्बानी पर की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दसवीं मोहर्रम की मजलिस रविवार दिन में दो बजे इमामबाड़ा मौहल्ला बुखारा में बरपा की गई। मजलिस को मौलाना रोशन अब्बास ने खिताब किया।

उन्होंने कर्बला में इमामे हुसैन और उनके 72 साथियों की कुर्बानी की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा खलीफातुल मुस्लमीन यजीद ने मौहम्मद साहब की शिक्षाओं को ही बदल दिया था। यजीद ने हमारे मौहम्मदी को हलाल तथा हलाले मौहम्मदी को हराम करार दे दिया था। इमाम हुसैन ने यजीद के इन कृत्यों का विरोध किया। लेकिन यजीद की



मनमानी नहीं रूकी। इमाम हुसैन समझ गए कि यजीद नहीं मानेगा। तब इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान करने का फैसला किया। मजलिस के बाद घोड़ा बरामद किया गया। उसके बाद अंजुमन सरकारे हसैनो के तमाम सोगवार का जुलूस अलम व ताजिया पांच बजे इमामबाड़ा से बरामद होकर विदुर कुटी रोड पहुंचा, जहां नेहाख्वानी व सीनाजनी की गई। शाम छह बजे सोगवारों का जुलूसे अलम व ताजिया नई बस्ती स्थित कर्बला पहुंचा। जहां पर ताजिया दफनाया गया।

जुलूस में अफरोज नकवी, फिरदौस रजा, नासिर एड. व अजहर हसनैन अली, जावेद शामिल रहे। नोहा ख्वानी, फैसल, मौहम्मद मेहंदी, लख्ते हसन, हुसैन खां, असगर मेहंदी आदि ने की।

## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की भागीरथी योजना, बिजनौर में स्थित भूखण्ड सं. 40 कार्यालय प्रदेशन पत्र संख्या 250 दिनांक 23.02.1989 द्वारा डॉ. विजय सिंह पुत्र श्री गंगा दास को नकद क्रय पद्धति पर आवंटित किया गया था। प्रदेशन पत्र के अनुसार देय धनराशि का भुगतान कर व अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रस्तुत कर भूखण्ड का किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबंध दिनांक 01.05.1989 को निष्पादित कराकर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया था। तथा आवंटित भूखण्ड का पट्टा विलेख दिनांक 08.09.1994 को निष्पादित कराने के पश्चात प्रश्नगत भूखण्ड श्री राहुल रस्तोगी पुत्र स्व. श्री प्रीतम सेन रस्तोगी के दिनांक 14.09. 1994 को विक्रय कर दिया गया। क्रेता के पक्ष में इस कार्यालय के आदेश सं. 319 दिनांक 20.06.1996 द्वारा नामान्तरण कर दिया गया। श्री राहुल रस्तोगी की मृत्यु उपरान्त इस कार्यालय के आदेश सं. 687 दिनांक 20.04.2018 द्वारा उनकी माता श्रीमती प्रमोद बाला रस्तोगी पत्नी स्व. श्री प्रीतम सेन रस्तोगी के पक्ष में नामांतरण कर दिया गया। श्री अतुल रस्तोगी पुत्र स्व. श्री प्रीतम सेन रस्तोगी ने अपने पत्र दिनांक शून्य द्वारा सूचित किया है कि उनकी माता श्रीमती प्रमोद बाला रस्तोगी की मृत्यु दिनांक 26.07.2024 को हो गई है तथा उक्त भूखण्ड संख्या 40, भागीरथी योजना, बिजनौर को वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय (बिजनौर), उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,**
**आफिस काम्पलेक्स (भूतल) सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-2, भाग-4 मुरादाबाद**

# रसूलपुर में मोहर्रम पर मातम और ताजियादारी

## शिया समुदाय ने पेश की अकीदत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम रसूलपुर में 10 मोहर्रम के मौके पर शिया मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत तरीके से मजलिस और मातम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेन्नई से तशरीफ लाए मौलाना घ्यात नकवी ने मजलिस को संबोधित किया और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

मौलाना ने कहा कि कर्बला की जंग हक और बातिल के बीच थी, जहां इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ इस्लाम की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने बताया कि यह बलिदान मानवता, सच्चाई और न्याय के लिए हमेशा मिसाल रहेगा।

मजलिस के बाद इमामबाड़ा भारगाट से ताजियादारी का जुलूस निकाला गया, जिसमें अलम, जुलजनाह और ताजिया शामिल रहे। अकीदतमंदों ने काले कपड़े पहनकर नौहाख्वानी और सीनाजनी की। या हुसैन, हाय हुसैन की सदा गूंजती रही और माहौल गमगीन हो गया। अकीद. तमंदों ने छुरियों और आग पर चलकर मातम किया, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग भावुक हो उठे। जुलूस गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ हसनी चौक तक पहुंचा और अंत में कर्बला मैदान में समापन हुआ, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मौलाना मोहम्मद अब्बास आरिफ काजमी रसूलपुरी ने किया। नौहे फैज धामपुरी ने पढ़े, जो सुनकर कई लोग रो पड़े। इस मौके पर मंत्री मूलचंद्र चौहान भी उपस्थित रहे और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जुलूस का संयोजन पूर्व प्रधान अनीस जैदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिलशाद अली, इन्तेखाब हैदी, समर अनीस, अली मेहदी, अब्दुल्ला, जहीर अब्बास, अजब हैदी, हैदर अब्बास, अशरफ, इजाज, आकिब, सकलेन, वली हसन, जीशान, तसलीम रब्बानी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# करौंदा में निकलते हैं तीन अखाड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा में सदियों से मोहर्रम पर अखाड़े निकलते आ रहे हैं। गांव में तीन अखाड़े खेले जाते हैं। अखाड़ा खेलने से पहले एक जुलूस भी निकाला जाता है। यह जुलूस सैयद बिरादरी का निकलता है। जुलूस में नोहे पढ़े जाते हैं। शहीदों को याद किया जाता है और जंजीरों का मातम भी होता है, उसके बाद अखाड़े शुरू हो जाते हैं।

अखाड़े तीन बिरादरी के होते हैं जो अपनी जगह पर ही अखाड़े रहते हैं। अखाड़े तीन बिरादरी के खेले जाते हैं। एक अखाड़ा कुरैशी बिरादरी का, दूसरा अखाड़ा कसार बिरादरी का, तीसरा अखाड़ा अंसारी बिरादरी का रहता है। इन अखाड़ों में बाहर के खिलाड़ी अपना हुनर दिखाते हैं। कसार बिरादरी का खलीफा लतीफ, खुर्शीद, यासीन, यूनुस अपने खेल के हुनर दिखाते हैं। कुरैशी बिरादरी में खलीफा तस्लीम कुरैशी, फरीद कुरैशी, फुरकान कुरैशी भी अपने अखाड़े में अपने हुनर दिखाते हैं। तस्लीम खलीफा, फरीद खलीफा अपने खेल के लिए जाने जाते हैं। लकड़ी के बहुत बड़े खिलाड़ी है। इन अखाड़े में बिजनौर, नगीना, नजीबा. बाद, नहटौर, धामपुर, शेरकोट के खिलाड़ी आकर अपना हुनर और खेल दिखाते हैं। अखाड़े के अलावा एक बाजार भी लगता है। बाजार में हलवे परांठे की दुकान, मीना बाजार आदि दुकान लगती है। यह अखाड़े लगभग 100 साल से खेलते आ रहे हैं। कुरैशी बिरादरी के तालिब एडवोकेट, राशिद पत्रकार, प्रधान वसीम कुरैशी, सलीम कुरैशी, इरशाद कुरैशी, अनीस, नदीम, हाजी फुरकान आदि मौजूद थे।

# सुभासपा की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ रहे। संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि ने किया।

बैठक में आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई और पार्टी के हाई कमान उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने मोर्चे /प्रकोष्ठ के सभी जिला अध्यक्षों से उनके विधानसभा व ब्लॉक अध्यक्ष की तत्काल सूची अवगत कराने को निर्देशित किया। इस दौरान प्रदेश सचिव विवेक नायक, जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला, प्रदेश महासचिव राजपाल गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नेपाल चौधरी, जिला महासचिव अनुसूचित रवि कुमार, रूपचंद, रूपेंद्र सिंह, विनोद कुमार, चंद्रवीर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शांति नर्सिंग होम क्षेत्र के लिए सौगात: बॉबी

## बास्टा में नर्सिंग होम का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** कस्बा बास्टा में शांति नर्सिंग होम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में आज अच्छे और अनुभवी चिकित्सकों की सख्त जरूरत है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शांति नर्सिंग होम नगर के वरिष्ट चिकित्सक डॉ. लाखन सिंह चौधरी व उनके सुपुत्र डॉ. आकाशदीप चौधरी एवं पुत्रवधू अंशु चौधरी द्वारा खोला गया सभी सुविधाओं से युक्त एक ऐसा नर्सिंग होम होगा। जिसमें यही डॉक्टर्स बास्टा क्षेत्र में अपनी सेवायें देने के लिए आए है। मैं अपनी और बास्टा क्षेत्र की जनता की ओर से शांती नर्सिंग होम संचालकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैं शांती नर्सिंग होम संचालकों से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में बेहतर सेवा करने की अपेक्षा करता हूं। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सभी सुविधाओं से युक्त यह पहला अस्पताल होगा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बीमार लोगों का बेहतर ईलाज और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इस मौके पर नगर के वरिष्ट चिकित्सक डॉ. लाखन सिंह चौधरी ने कहा कि मेरा बड़ा बेटा जो कि वरिष्ट बाल रोग विषेशज्ञ है। डॉ. संदीप चौधरी का चांदपुर में पहले से ही शांती नर्सिंग होम एवं बाल रोग चिकित्सालय नूरपुर रोड चांदपुर में अपनी सेवायें दे रहा है। अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र अंचल में अपना एक और नया अस्पताल खुलने से क्षेत्रवासियों के लिये यह अस्पताल बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा। उद्घाटनावसर पर डॉ. लाखन चौधरी, डॉ. मदनपाल सिंह, डॉ. महेन्द्र मलिक, डॉ.नरेन्द्र तोमर, प्रधान लव कुमार, रूप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र रवि धारीवाल, मुकेश कुमार, विकास गहलौत, डॉ. संतराम सिंह, डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. वीपी सिंह, राजेश तोमर, आकाश ढाका, डॉ. सुयश, डॉ. कपिल कुमार, अश्विनी कुमार, सचिन अहलावत, एड. बादल तोमर, डॉ. विकास तोमर (तोमर पैथलेब चांदपुर) सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अनेक नागरिक, व्यापारी चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

# चांगीपुर शुगर मिल में लगने जा रही मृदा परीक्षण लैब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिंदल पेपर्स एण्ड डिस्टलरी (प्रा.) लिमिटेड यूनिट शुगर मिल चांगीपुर में मृदा परीक्षण हेतु लैब के कार्य प्रारम्भ कर देने से किसानों को दूर जाना नहीं पड़ेगा। साथ ही समय की बचत होगी।

मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने बताया कि चांगीपुर मिल किसानों की जमीनों की जांच हेतु लैब की स्थापना करने जा रही है। इसके लिये मिल परिसर में कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच लैब द्वारा कराने के बाद किसान को लाभ होगा। उनका कहना है कि जिले की कई अन्य मिलों में यह व्यवस्था है, अब चांगीपुर मिल में भी यह व्यवस्था होने जा रही है। चीनी मिल के पास अपनी लैब होने के कई अन्य लाभ किसानों को प्राप्त होंगे। किसान अपने खेतों की मिट्टी का जांच करा सकेंगे। मृदा परीक्षण लैब के चांगीपुर मिल में स्थापित होने की मिल रही सूचनाओं को लेकर क्षेत्र किसानों में खुशी की लहर है। इससे किसानों को अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराकर अपनी फसलों को सही समय पर सही खाद व दवाई आदि देने का एक अच्छा विकल्प उनके सामने होगा।

# ताजियों के साथ निकाला मोहर्रम का जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में मोहर्रम की 10 तारीख को अलम ताजियों के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस पंचायती इमामबाड़े से शुरू होकर हुसैनी चौक से होता हुआ कर्बला पहुंच कर समाप्त हुआ।

रविवार को शिया समुदाय के लोगों ने मोहर्रम का मातमी जुलूस निकाला गया। जुलुस में मर्सिया ख्वानी जनाब जव्वार अली, अंजार अली, बल्लन ने की और नोहा ख्वानी कैफ जैदीं, रईस अब्बास, फराज जैदी, अरूज जैदी, आरजू जैदी, नवाब हैदर, परवेज हैदर, जमाल, कमर अब्बास, मो. फैजी, काशिफ जैदी, अली मेहदी आदि ने की। हुसैनी चौक पर मौलाना जमरूल हसन (बनारस) ने तकरीर कर पैगाम ए कर्बला दिया और जंजीरों मातम हुआ। जिसके बाद बूढ़ा कुआ कब्रिस्तान पर पहुंच कर मौलाना मसूद अब्बास (बिहार) ने तकरीर कर मजलूम ए कर्बला इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मसायेब पढ़े और मातम हुआ।

सोगवारों में जाकिर अली, मो. अब्बास, मोजिज अली, विकार अली, मो. हैदर, नायाब, रईस हैदर, शाहनवाज हुसैन, तनवीर जैदी, अमजद अली, अब्बास नकवी, मोहम्मद हैदर, शाहबाज जैदी, मुसर्रत हुसैन, नवाब हैदर, अली रजा, हसन मेंहदी, रिहान हैदर, लकी जैदी, लड्डन आदि लोग उपस्थित रहे, जिसके बाद सुन्नी समुदाय के लोगों ने अखाड़ा निकला।

अखाड़ा मुबाशिर के मकान से शुरू होकर बूढ़ा कुआं पर जाकर समाप्त हुआ। अखाड़े के खलीफा मेहर अली, पूर्व प्रधान हमराज अली, नवाजिश हुसैन, गालिब हुसैन, शाहिद अख्तर, फहीम अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने साथियों को मनाया

## विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों से करेंगे वार्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी वायरल वीडियो तथा जनपद में हो रही विभिन्न चर्चाओं के बीच जेवीएम इंटर कॉलेज पहुंचे तथा वहां के शिक्षकों के साथ वार्ता कर समस्त प्रकरण से उनको अवगत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि विगत दिनों जनपद में वायरल एक वीडियो को लेकर उपजे विवाद के सम्बन्ध में दोनों पदाधिकारी शनिवार को जेवीएम इंटर कॉलेज पहुंचे। संगठन के जिला संरक्षक विनेश कुमार त्यागी के साथ विद्यालय में पहुंचकर दोनों पदाधिकारियों ने जेवीएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों से वार्ता की। उनकी शिकायत सुनने तथा पीड़ा व्यक्त करने के उपरांत दोनों पदाधिकारियों ने मूल संदर्भ से अवगत करते हुए वायरल वीडियो में कहे गए अपशब्दों के लिए क्षमा प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि उनका संगठन सभी समाज के प्रति आदर एवं समानता की भावना रखता है। जेवीएम की शाखा से संगठन को सदैव मजबूती मिली है। भविष्य में भी यह शाखा संगठन को मजबूत करेगी। उन्होंने ऐसी आशा प्रकट की। विनोद कुमार ने साथियों से रविवार को एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद में आयोजित सभा में प्रतिभाग करने की अपील भी की। इस अवसर पर जेवीएम के शिक्षकों प्रदीप कुमार, भूदेव सिंह, राहुल कुमार आदि ने वायरल वीडियो को लेकर नाराजगी तथा अपनी पीड़ा व्यक्त की । किंतु संगठन के संरक्षक विनेश त्यागी के आह्वान पर, उनके द्वारा भी क्षमा याचना करने के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने उनके मन में किसी प्रकार की कोई दुर्भावना न होने की बात कही तथा सोमवार को प्रधानाचार्य के आने पर प्रकरण को समाप्त कर संगठन में वापसी का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य किसी कार्य से बाहर होने के कारण सभा में उपस्थित नहीं हो सके। दोनों पदाधिकारियों ने शीघ्र ही अन्य विद्यालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सभी शिक्षकों से उक्त प्रकरण पर विस्तार से बात करने तथा प्रकरण पर खेद प्रकट करते हुए सभी साथियों के भ्रम को दूर करने की बात की है। जेवीएम में हुई शिक्षकों की वार्ता में सुधांशु कुमार, मुनेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, कामेंद्र कुमार, ललित कुमार, राहुल कुमार, कार्मेंद्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# नगीना में आधार सेवा केंद्र पर लोगों की भीड़



## घंटों लाइनों में लगने को हो रहे मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के प्रधान डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप और उमस भरे मौसम में छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों तक लाइन में खड़े रहना पड़ता है।

डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने की प्रक्रिया काफी जटिल और समय लेने वाली हो गई है। लोगों को सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगना पड़ता है, लेकिन टोकन मिलने में भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। टोकन आम तौर पर डाकघर खुलने और कर्मचारियों के आने के बाद करीब 9 बजे दिए जाते हैं। डाकघर में केवल एक कंप्यूटर सिस्टम होने के कारण काम धीमा होता है और लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ता है।

शनिवार को आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी व नगीना नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी अन्य आसपा कार्यकर्ताओं के साथ एडीएम प्रशासन विनय कुमार से मिले और उनको ज्ञापन देकर मांग की है कि आधार कार्ड केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और कंप्यूटर सिस्टम व स्टाफ की व्यवस्था बेहतर की जाए। इससे आम लोगों को आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने में आ रही परेशानियों से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर सलमान मलिक, परवेज पाशी, आफताब अहमद, असलम सिद्दीकी, जावेद अहमद, अहमद हसन, शाद अहमद, अथर मिर्जा, ज्ञान सिंह, हैदर अब्बास आदि मौजूद रहे।

प्रधान डाकघर के हेड पोस्ट मास्टर ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतारों की समस्या को कम करने के लिए उन्होंने सिस्टम में बदलाव किया है। अब लोगों को टोकन दिए जा रहे हैं और प्रतिदिन लगभग 50 लोग अपने टोकन के अनुसार आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

# जुलूस अलम में मातम कर कबरला के शहीदों को किया याद

**कोतवाली देहाता।** 10 मोहर्रम पर स्थानीय इमाम बारगाह कोतवाली देहात से एक जुलूस अलम निकला गया, जिसमें मातमदारों नौहा और मातम करते हुए कर्बला की शहीदों को याद किया गया। जुलूस मुख्य चौराहे पर आकर एक सभा में परिवर्तित हो गया, जिसमें सभा को संबोधित करते हुए मौलाना शिकोह हैदर साहब ने कहा हुसैन (अ) के इनकारे बैयत ने और आपने अजीजो के जानी, माली नुकसान के एवज दीने इस्लाम को वो जिन्दगी अता फरमाई कि जिसके बाद बातिल हक को उस वक्त तक मगलूब (पराजित) नहीं कर सकता, जब तक कि वे जमीन पर कुर्बानी ए हुसैन (अ) की यादगार कायम है। उन्होंने कहा कि इमामे हुसैन अगर खामोश रहते तो आने वाली नस्ले जुल्म को इस्लाम का हिस्सा समझ बैठती। उनकी कुर्बानी ने हमेशा के लिए ये पैगाम दिया है की बातिल के खिलाफ खड़े होना ही हकीकी दीन है। जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ कर्बला पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में जिशान हैदर आजम जैदी, रविश अब्बास, दानिश नाज, आदिल वजाहत व शान आदि ने नौहा पढ़ा। जुलूस में कमर अब्बास, मौ. हैदर, जहीर हैदर, लका हैदर, समर बाबर, पटवारी नवाब हैदर, सुहेल शारिक तथा ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, व्यापार मंडल क्षेत्र के समाजसेवी व बुद्धिजीवी वर्ग आदि ने जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग किया।

# परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग का विरोध

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ जनपद शाखा बिजनौर जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार एवं जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग के विरोध में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग द्वारा प्राथमिक विद्यालय को बंद करने का षड्यंत्र शासन द्वारा रचा गया है। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 21 ए और शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) का भी उल्लंघन किया गया है। आरटीई के अनुसार प्राथमिक विद्यालय की अधिकतम दूरी एक किलोमीटर व उच्च प्राथमिक विद्यालय की अधिकतम तीन किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए लेकिन पेयरिंग से निश्चित यह दूरी बढ़ेगी। पेयरिंग से प्रदेश के लगभग 135000 सहायक अध्यापक को वह 27000 प्रधानाध्यापकों के पद भी समाप्त हो जाएंगे। पेयरिंग से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा और वंचित वर्ग को शिक्षा के मूल धारा अलग किया जा रहा है। महासंघ ने परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग की व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग की। जिससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा का मूल अधिकार सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर कोर कमेटी प्रभारी तेजपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, कोर कमेटी वरिष्ट सदस्य जयराम सिंह, डॉ. भूपेंद्र कुमार, उमेश कुमार, संजय कुमार, धर्मपाल सिंह, बृजेश कुमार, अमर सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार, विक्की हल्दुआ, चंद्रहास सिंह, सोमदेव सिंह, गजेंद्र कुमार शर्मा, चंदू सिंह, तिलकराज, गुरदयाल सिंह, अंकुश कुमार, देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार रवि, आकाश दीप, वीरेन्द्र कुमार, सुदेश चंद्रायल, बालेश कुमार, तेजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गुलशन सिंह, अतर सिंह, कुलदीप कुमार, गणेश सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, राजवीर सिंह, यादराम सिंह, आरके सागर, डॉ. रामकुमार, छत्रपाल, सुमित कुमार, राहुल कुमार, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, जगत सिंह, नहार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, विरेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह, अशोक कुमार, प्रमोद कुमार, जगराम सिंह, नरेश कुमार, मूलचंद सिंह, निर्मल कुमार, गोविंद सिंह, भीम सिंह, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, टेनीपाल, सुखराम सिंह, महेश पाल, सियाराम रावत, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, उमेश चन्द्रा, कीरतपाल, नितिन कुमार, जोगेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, उमराव सिंह, आशाराम, शैलेन्द्र कुमार, सुशील कुमार, चरण सिंह, वेद प्रकाश, जागेश कुमार, सौरभ कुमार, यादव सिंह, सत्यपाल सिंह आदि सैकड़ों महासंघ के सदस्य मौजूद रहे।

# बजरंगबली बाबा का गुणगान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला बाडवान में सेंट मैरी रोड पर स्थित दीपक वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उसका उत्सवर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में वीरेंद्र वर्मा, शिवानी वर्मा, दीपक वर्मा, सुरभि वर्मा, सलोनी वर्मा, ममता वर्मा, राजेश वर्मा, अनीता वर्मा, अनिकेत वर्मा, राखी वर्मा, दिनेश वर्मा, माया वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, निखिल अरोरा, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने सहभोज का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# पत्रकार की वालिदा का इंतकाल

**शेरकोट।** नगर के युवा पत्रकार सुहैल इदरीशी की वाल्दा तसलीमा (56 वर्ष) कैंसर की बीमारी से लम्बे समय से लड़ते हुए रविवार सुबह जंग हार गयी, जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। नगर पत्रकारों, राजनैतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के लोगों ने सुहैल इदरीशी के आवास ग्राम मुस्तुफापुर तैयाब सराय पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए नमाज ए जनाजे में शिरकत की। बाद नमाज ए असर गमगीन माहौल में उन्हें कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस दौरान नमाज ए जनाजे में पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम, युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अंसार अहमद, सपा नेता अदनान राईन, मनोज शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, मोहम्मद आसिफ, पत्रकार डॉक्टर शाहनवाज, विजय वर्मा, अमिश रश्तोगी, अबरार मंसूरी, शक्काफत एस भारती, सुशील चौहान, खालिद खान, दिलशाद अहमद, गुफरान राजा, विजय वर्मा, धर्मवर राजपूत, आकिब सिद्दीकी सभासद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दसवीं मोहर्रम पर नगर में निकाला ताजियों का जुलूस



मोहर्रम की दसवीं पर निकाला गया ताजिया।



नूरियों सराय में यौमे आशूर पर जंजीरी मातम कर लूहलुहान होते अजादार।



सिरसी में मोहर्रम पर मातम करते अजादारे हुसैन।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सम्भल/असमौली/सिरसी।** इस्लाम ही नही बल्कि दुनिया की तारीख में बेमिसाल शहादत में गिनी जाने वाली हज़रत-ए-इमाम हुसैन की याद में दसवीं मोहर्रम पर नगर में ताज़ियों का जुलूस निकाला गया। जिसमें शहर एवं देहात से हर साल बरामद होने वाले ताजिये शामिल हुए। सोगवारान-ए-हुसैन, अज़ादार जुलूस में भारी तादाद में मौजूद रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर साल बरामद होने वाले ताजियों का जुलूस निकाला गया। अलग-अलग इमामबाड़ों एवं अजाखानों से बरामद मेंहदियां भी जुलूस में शामिल रहीं। जुलूस में हर ताजिया अपने अंदर एक अलग विशेषता लिए था मगर मेंहदियां भी जूलुस में शामिल अजादारों के लिए कम आकर्षण का केन्द्र नही रहीं। जुलूस में जहां शहरी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चे बूढ़े और जवानों की भी बड़ी संख्या रही। निर्धारित रास्तों से होकर गुजरने वाले ताजिये और मेंहदियों को देखने के लिए सड़क किनारे बने मकान और खाली पड़े स्थानों पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। देर शाम ताज़िया नखासा चौक पर जाकर एक दूसरे से मिले। जहां से हुसैनी मार्ग होते हुए मैदाने कर्बला पहुंचे। यहां उनको शहीद किया गया। जुलूस बरामद होने के बाद घरों को वापस लौटने वाली भीड़ ने घंटों तक नगर के सभी मार्गो को व्यस्त रखा। जुलूस में किसी तरह की अव्यवस्था न फैले और कोई असामाजिक तत्व किसी तरह की कोई हरकत न करे इसके लिए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था की। जिसके लिए आरएएफ और आसपास थानों से बुलाए गए पुलिस कर्मियों की मुख्य चौराहों, रास्तों और जुलूस के बीच तैनाती की गई, जबकि पुलिस के जवान ताज़ियेदारों के पीछे चलते रहे। इस मौके पर जुलूस में पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के अलावा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह व्यवस्था पर नज़र रखने के लिए इधर-उधर भ्रमण करते देखे गए।

क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने भी गत वर्ष की भांति इस साल जुलूस में भाग लिया। इस मौके पर सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद उनके पुत्र सुहैल इकबाल, सुौल चमन व नगर पालिका परिषद की चैयरपर्सन पति चौ. मुशीर अली खां को ताज़ियेदारो ने पगड़ियां बांधी। इसी के साथ सईद अख्तर इसराईली, आदि साथ रहे। नगर के निकट ग्राम नूरियों सराय व सिरसी कस्बे में शहीद-ए कर्बला नवासा-ए-रसूल हज़रत इमाम हुसैन की याद में आशूर को मातमी जुलूस बरामद हुआ। नूरियों सराय में आशुराए मौहर्रम पर बरामद मातमी जुलूस में अज़ादारो ने छुरियों से मातम बरपा करके लहूलुहान कर सभी की आंखे नम कर दीं। अंजुमन फरोगे अज़ा के तत्वावधान में इमाम बाड़ा इमाम बाड़ा सगीर हसन से दोपहर बाद बरामद मातमी जुलूस में दुलदुल, अलम, ताबूत गहवारा की ज़्यारत की गई। हुसैन चौक पर मातमी अंजुमन फरोगे अज़ा के नौजवानों, किशोरों व मासूम बच्चों ने धारदार व चमचमाते चाकू छुरियों से मातम करके अपने शरीर को खून से लथपथ कर लिया।

जंजीरी मातम देख लोगों के दिल दहल गए। मातमी जुलूस देर शाम कर्बला पहंचा। जहां ताज़ियों को दफनाया गया। कर्बला से लौटते हुए अज़ादारो ने अलविदाई नौहा पढ़ा। इसके बाद जुलूस का समापन हुआ। जबकि आगे-आगे मातम करते चल रहे मासूम बच्चों की अंजुमन को देखकर सौगवराने हुसैन चींख मारकर रोने लगे और बरबस ज़बां से निकला कत्ले हुसैन असल में मर्गे यज़ीद है। इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद। उधर ज़िलाधिकारी डा. राजन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई स्थिति पर बराबर नज़र रखे रहे। ज़लाधिकारी व एसपी ने जुलूस के पल-पल की जानकारी ली ओर सुरक्षा को लेकर अधीनस्थों को निर्देश देते रहे। जबकि अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार भी जुलूस के दौरान भ्रमणशील रहे। मातमी जुलूस में असमौली के बिलालपत और मनौटा में भी मौहर्रम के जुलूस निकाले गए। उपनगरी सरायतरीन में मौहर्रम कमेटी की ओर से जुलूस निकाला गया। इसके अलावा ग्रामीण अंचलो में निकलने वाले मौहर्रम के जुलूसों को परम्परागत से निकाला गया। जुलूस के दौरान एसडीएम विकास चन्द्र व तहसीलदार के अलावा दूसरे थानों के प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में सर्तकता बनाए रखे रहे। समाचार लिखे जाने तक देर सांय जुलूस जारी था। नगर गुन्नौर में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान अखाड़ा कलाकारों ने करतब दिखाए। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रविवार को नगर के बड़ी ज्यारत से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस सदर बाजार तहसील चौक से होता हुआ मोहल्ला सराय पहुंचा। कलाकारों ने पटा, तलवारबाजी आदि के करतब दिखाए।शाम को जुलूस का समापन किया गया। जुलूस के दौरान एसडीएम वंदना मिश्रा,नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह ,कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## अज़ादारों ने ज़ंजीरी मातम से किया लहूलुहान

**सम्भल।** दस मोहर्रम के दिन इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद पूरी दुनिया में शोक के माहौल मे मनायी जाती हैं भारत में भी हर धर्म के लोग इमाम हुसैन से आस्ता रखते हैं। माथुर लखनवी ने कहा है कि अगर गम और गम ख्वारी ना होती हुसैन इतनी तो बेदारी ना होती। समझता कौन मफहूमे शहादत अगर दुनियां में अजदारी ना होती। रविवार को रोजे आशूर यानी दसवी मोहर्रम को नूरियो सराय मे परम्परागत मातमी जुलूस शांति पूर्वक इमाम बाडा सगीर हसन से निकाला गया। जिसमें हजरत इमाम हुसैन की कादर सवारी जुलजुनाह ताबूत छह महीने के शहीद हजरत अली असगर का झुला व अलम बरामद किए गए। कर्बला मे आज के दिन इमाम हुसैन को इनके साथियों के साथ तीन दिनों का भूखा प्यासा कत्ल कर दिया गया था एक दिन में कर्बला के मैदान शहीद हुय बहत्तर लोगो के जख्मो से चूर शवो से खून बह रहा था इनको याद करके अजादारो ने जंजीरो में लगी छुरियो से मातम करके खुद को लहूलुहान कर लिया जिससे माहौल गमगीन हो गया नौजवानो और छोटे -छोटे बच्चों ने जंजीरो का मातम किया हुसैन चोक से चलकर मातमी जुलूस इमामबाडा फरमान हुसैन सरवर हुसैन जायर हुसैन दादा शाह नूर से हो कर देर शाम को कर्बला पुहंचा जहॉ ताजियो को दफनाया गया। कर्बला से नम आँखों के साथ नोहा पढते हुय अंजादार इमामबाडो मे गए। जहॉं फातिहा पढकर मातमी सिलसिला को समाप्त किया गया।

## प्रशासन के फरमान अनुसार रही ताजियों की ऊंचाई

**सम्भल।** शासन-प्रशासन के तुगलकी फरमान के चलते मौहर्रम के ताजियों का जुलूस प्रशासन के आदेश के अनुसार दस फीट लम्बाई के ताज़ियों के जुलूस निर्धारित स्थानों से निकलने शुरू हुए तो लोगो ने राहत की सॉस ली।

शहीदाने कर्बला की याद में दसवीं मौहर्रम को ताज़ियों का जुलूस निकाला जाता है। परम्परा के अनुसार ताज़ियों की ऊंचाई निर्धारित है। इसका रिकार्ड भी सम्बंधित थाने में संरक्षित है। गत वर्ष पुलिस-प्रशासन ने ताज़ियेदारों को दस फीट तक के ताज़ियों का जुलूस निकालने की हिदायत दी थी। इसके लिए थाना स्तर पर ताजियेदारों के साथ बैठकें भी आयोजित की गयी थीं, लेकिन ताजियेदार परम्परा से हटकर कोई भी जुलूस निकालने के लिए तैयार नहींथे। जिसको लेकर पुलिस- प्रशासन के सामने असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। पुलिस के उच्चाधिकारी इस बात के तर्क दे रहे थे कि शासन के निर्देश पर ही ताजियों की ऊंचाई दस फीट की गयी है, लेकिन ताज़ियेदार इससे सहमत नहीं थे।

# वालंटियर तैयार कर शिक्षक करें इसका नेतृत्व

## नीति आयोग आकांक्षात्मक बैठक में विभागों के इंडीकेटर्स पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सम्भल।** नीति आयोग आकांक्षात्मकं विकासखण्ड से संबंधित विभिन्न विभागों के 50 इंडीकेटर के संबंध में समीक्षा बैठक में इंडीकेटर्स पर चर्चा की गयी।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग के इंडीकेटर पर चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग के इंडीकेटर्स पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्टट द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड, तथा संस्थागत प्रसव को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि डेटा को चेक किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ग्राम में माह में दो बार भ्रमण करें तथा इंडीकेटर्स को संतृप्त कराएं। कृषि विभाग के इंडीकेटर्स पर चर्चा की गयी, एफ पी ओ के गठन तथा एफ पीओ को शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी तथा एफपीओ की पात्रता की शर्तों पर चर्चा की गयी। पीएम किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी दी गई। पशुधन विभाग के अन्तर्गत पशु टीकाकरण पर चर्चा की, पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस ग्राम तथा ठोस एवं गीला कचरा उठान , साफ सफाई आदि पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के इंडीकेटर्स पर भी वार्ता की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामों में ग्राम कुल को सक्रिय किया जाए। इसमें ग्राम के सेवानिवृत्त लोगों को जोड़ा जाए तथा वॉलिंटियर तैयार किये जाएं तथा शिक्षक इसका नेतृत्व करें तो गाँव का कायाकल्प हो सकता है। किसी भी कार्यक्रम में ग्राम कुल के सदस्य एक साथ बैठें। उन्होने कहा कि अधिकारी माह में दो बार आकांक्षात्मक विकासखण्ड से संबंधित ग्रामों का भ्रमण करें तथा एक एक इंडीकेटर्स को देखें। जिलाधिकारी ने ग्राम के विकास के लिए दर्जी काका की कहानी को बताते हुए उससे प्रेरणा लेने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि डीपीएमयू के द्वारा आकांक्षात्मक विकासखण्ड के संबंध में मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह तथा उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# घटना के लिए कौन जिम्मेदार, रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बबराला।** इतनी बड़ी घटना के बाद अब सवाल यह है कि आखिर इस हादसे का जिम्मेदार कौन है? तेज रफ्तार, लापरवाही या किस्मत? गांव वाले बस यही कह रहे हैं। जो खुशियां एक दुल्हन के घर जानी थीं, वो अब परिवारों का मातम बन गईं। ग्रामीणों ने बताया कि दूल्हे की गाड़ी से पहले अन्य गाडियां बारात को घर से निकलीं थी।दूल्हे की गाड़ी पीछे निकली।चालक ने गांव के रास्ते के बाद बदायूँ -दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जब गाड़ी ली।तब रफ्तार तेज रही।इसके चलते ही वह अनियंत्रित हो गयी। जो दीवार से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिला दिया है। शादी जैसे पवित्र बंधन की खुशियां लापरवाही और रफ्तार के आगे हार गईं। गांव वाले अब सरकार और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि हाईवे पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए जाएं जिससे कोई और बारात इस तरह अर्थी में न बदले।



सड़क हादसे में सात की मौत के बाद गांव पहुंचे पूर्व मंत्री परिजनों को सांत्वना देते।

### अब सिर्फ उनकी यादें ही बाकी

**बबराला।** दूल्हा के परिजनों ने जिसकी शादी के सपने देखे थे। अब वह बस तस्वीरों में रह गया है। उसकी बारात को देखते ही गांव के बच्चों की आंखों में चमक थी, अब वही आंखें आंसुओं से भरी हैं। इस सड़क हादसे ने साबित कर दिया कि रफ्तार कभी भी खुशियों की चादर खींच सकती है।बस छोड़ जाती है सिर्फ मातम, अफसोस और सवाल की ऐसा क्यों हुआ।

### तीसरे दिन भी सुनी सिसकियों की गूंज

**सम्भल।** सड़क हादसे में दूल्हा समेत सात की मौत के तीसरे दिन भी परिवार और गांव में सिसकियों की गुंज सुनायी दी। जबकि कई घरों के चूल्हे ठंडे रहे। बदायूं -दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर दीवार से टकराने पर बुलेरो सवार दूल्हा समेत सात की जान चली गई थ। शादी की खुशियां मातम में बदली जबकि एक साथ सात अर्थियां उठते ही हर ओर चींत्कार की गूंज दूर-दूर सुनायी दे रही थी।

दर्दनाक हादसे के बाद से परि. जनों का रोना बिलखना बंद नहीं हो पा रहा है। पल भर में सदा के लिए अपनों से दूर हुए मृतकों को याद कर महिलाएं बेहोश हो जाती है। तीसरे दिन हालांकि क्षेत्र से पहुंच रहे लोग उन्हे सांत्वना देकर ढांढस बंधा रहे हैं,लेकिन अपनों को पल भर में खोने का दर्द समाप्त नहीं हो पा रहा है।

### पूर्व दर्जा मंत्री ने किया शोक व्यक्त

**बबराला।** पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री प्रदीप कुमार उर्फ गुडडू भैया ने मृतको के आवास पर जाकर शोक व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत दर्दनाक घटना है। परिवार को ईश्वर सहने की शक्ति प्रदान करें। उनके भाई रामू यादव भी साथ रहे। सपा के गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव व गुन्नौर ब्लॉक प्रमुख आशीष उर्फ हनी यादव ने शोक संवेदना व्यक्त कीं।

### डीएम एसपी ने दिलाया हर सम्भव मदद का भरोसा

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव हरगोविंदपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में दो दिन पूर्व में 8 लोगों की हुई थी। मौत के बाद जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मृतकों के परिवार के लोगों से मिलने पहुंचे। उनके घर हर संभव मदद देने का परिवार के लोगों को भरोसा दिया।

### दूल्हा-दुल्हन के परिवारों पर टूटा गमों का पहाड़

**बबराला।** बच्चे की शादी हर माँ बाप सपना होता है।वह इस दिन को बड़ी खुशी और धूमधाम से मनाते हैं। इसके लिए खर्च का भी कोई ख्याल नहीं रखा जाता। रिश्तेदारों और गांव में न्यौता बांटा जाता है। सभी शादी में शामिल होकर खुशियां मनाते हैं लेकिन ऐसे में वही दूल्हा जिसकी शादी है और वह बहु लाने घर से निकला और हादसे का शिकार हो जाये तो परिजनों का क्या हाल होगा। जबकि दूल्हे से साथ उसके परिजन भी हादसे का शिकार हो तो कितने परिवारों में मातम हो गया। उन परिजनों का क्या हाल होगा जो बहु घर उतारने का सपना कब से देख रहे थे। बारात भी वापस लौट आई। लड़की वाले के घर के सभी कार्य बेकार हो गये। दुल्हन की मेहंदी और नये जीवन की शुरुआत का सपना चकनाचूर हो गया।

# मेला आपसी सद्भाव पैदा करता है: विधायक गुन्नौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बबराला।** मेला आपसी सदभाव पैदा करता है। सभी लोग एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होकर मिलकर खरीददारी करते हैं।

यह उदगार गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने मेला तुर्कताजूद्दीन बाबा का फीता काटकर उदघाटन के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मेला एक स्थान पर सभी वस्तुओ के मिलने का स्थान है। पहले गुन्नौर के लोग नुमाइश देखने अलीगढ़ जाते थे। अब कई वर्षो से यही मेला आसपास के लोगों का मनोरंजन कर रहा है। मेले में सभी प्रेमपूर्ण तरीके से मिलते हैं।मेला लोगों में प्रेम की भावना जाग्रत करता है। सपा नेता अमित यादव ने कहा कि मेला लोगों के मनोरंजन का साधन है।मेले में मनोरंजन के साधनों के साथ पुरुष,महिला व् बच्चों के लिए सभी प्रकार की वस्तुएं मिलती हैं।इस मौके पर मेला व्यवस्थापक मसूद उस्मानी, गय्यूर उस्मानी मुगीस उस्मानी, शेख अनीस अहमद, लकी उस्मानी, परवेज उस्मानी, रिजवान, मसरूर, शमीम, अब्दुल मतीन, देवपाल आदि थे।



मेला तुर्क ताजुद्दीन बाबा का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक राम खिलाड़ी यादव।

## मेला स्थल की डीएम व एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

**सम्भल।** हरिबाबा धाम मेला स्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया औरलापरवाही संज्ञान में नहीं आने के निर्देश दिए। रविवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक विकासखण्ड रजपुरा के हरिबाबा धाम मेला स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। जिलाधिकारी ने आधारभूत सुविधाओं को चेक करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मेले में साइन बोर्ड लगाये जाएं एवं जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए कहा कि मोलनपुर डांडा में जो सड़क जल निगम के द्वारा पेयजल पाइपलाइन के लिए खुदाई की गई।

# भाई के पैगाम को मंजिल तक पहुंचाऊंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सम्भल/सिरसी।** नवास-ए-रसूल हज़रत इमाम हुसैन के शहीद होने के बाद बहन जनाबे जैनब का सफर शुरू होता है। भाई की शहादत हो चुकी, खेमे जल चुके, बीबियों असीर हो चुकी, बीमार भतीजा तौक व जंजीर में जकड़ा हुआ सामने है।

अली की शेर दिल बेटी जैनब की दूर रस निगाहें उस मंजिल पर है, जहां से भाई हुसैन ने इब्तेदा की भी भाई का मदीना छोड़ना हो, कुन्बे को साथ लेना हो, बसाएता की कमी हो, मकसद की अजमत ही बाकी है। सब पायमाल हो चुका मगर अब इस मिशन को कयामत तक बाकी रखना है। अली की बेटी की फिक्र और अमल में तज़ाद नही है। जहां से भाई ने छोड़ा बस वही से लेकर आगे चलना है। भाई के बाद जुल्म झेलती रही, दर-बदर की ठोकरे खाती फिरती, लेकिन इस जलीलुल कद्र बीबी की हिम्मत में एक लम्हे के लिए भी कमी न आई।

जब कर्बला से कूफा और फिर शाम की सरहद में लुटा हुआ काफिला दाखिल हुआ तो महल के करीब पहुंचकर हुक्म हुआ कि अभी असीरों को नीचे खड़ा कर दो, क्योंकि दरबार के सजने सवरने में अभी कुछ वक्त लगेगा। जैनब यह सुनकर कोने में ज़मीन पर बैठ गई। कुछ देर बाद हुक्म हुआ कि कैदियों को हाजिर किया जाए अली की बेटी को जलाल आ गया। 'मैं हरगिज यजीद के दरबार में न जाऊंगी' नही आपको चलना ही पड़ेगा, मगर शहजादी ने इंकार कर दिया काफिले में सनसनी फैल गई अब क्या होगा शिम्र न आ जाए। सय्यदे सज्जाद अपनी बेड़ियों और जंजीरों को संभाले हुए फूफी के पास आए। फूफी अम्मा क्या आप बाबा की कुर्बानी को रायगां जाने देंगी? चौक गई मैं चलूंगी अपने भाई के पैगाम को मंजिल तक पहुंचाऊगी बड़े तमकनत और बावकार तरीके से दरबार तक आई। यजीद के तौहीनी जुमलों पर उसे झिड़क कर निहायत इंकेलाब आफरी तकरीर फरमाई कि यजीद को पसीना छूट गया। तख्त हिल गया। 'ऐ यजीद आज यह वक्त की बात है मैं तुझसे मुखातिब हूॅ वरना तू इस काबिल न था कि मैं तुझसे बात करती तुझे कसम है कि जिस कद्र हौसला बाकी रह गया है वह भी पूरा कर ले जुल्म में कोई कसर बाकी न रख मगर याद रख कि तू हमारी याद को दिलों से न निकाल सकेगा। यजीद अब तेरे दिन कम रह गए है तू खत्म हो जाएगा हम बाकी रहेंगे।' दरबार में सन्नाटा छा गया हर शख्स एक दूसरे का मुंह देखने लगा बाहर सरगोशियां होने लगी और इंकेलाब की पहली चोट यही शुरू हुई। आज तमाम आलम में हुसैन हुसैन की आवाज़ गूंज रही है। चप्पे चप्पे में हुसैन का सोग मनाया जाता है। यह सब उसकी रसूले अकरम की नवासी की देन है। इस्लामी तारीख के मुताबिक यजीद ने जब कैदियों को रिहा करने का हुक्म दिया तो जनाबे सय्यदे सज्जाद ने जनाबे जैनब से कहा फूफी अम्मा यजीद ने हमें कैद से रिहा कर दिया है। जनाबे जैनब ने कहा मै अभी अपने भाई का दिल खोलकर मातम नही कर पाई हॅू। यजीद से कहो एक मकान खाली करा दे। यजीद ने एक मकान खाली कराया। यह पहली मजलिस थी जो यजीद के घर में हुई और यही मातम भी हुआ। 'अजा की रस्म का आगाज घर से कातिल के यह सिर्फ तेरा जिगर तेरा काम है ज़ैनब'

# विश्व युवा कौशल दिवस से पहले यूपी में लगेंगे रोजगार मेले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगामी 15 जुलाई को पूरे प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में जिलों की सुविधानुसार 12, 13 या 14 जुलाई को रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को सीधी नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। रोजगार मेले की तैयारी के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि 15 जुलाई को आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कौशल विकास की सफल कहानियां, प्रशिक्षण केंद्रों की प्रदर्शनी, प्रेरक संवाद सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। जिले के सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मंच पर अपनी कहानी साझा करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिले में स्थापित महत्वपूर्ण उद्योगों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें समस्त प्रशिक्षण प्रदाता हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में वो उत्पाद रखे जाएंगे जो इन संस्थानों के छात्र या छात्राओं द्वारा निर्मित किए गए हों। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है।

# मॉडर्न टीचिंग कोर्सेज को टीएमयू बेस्ट डेस्टिनेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुणवत्तापूर्ण तालीम के चलते भावी शिक्षकों को तराशने के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद अपनी विशेष पहचान रखती है। आईटीपी कोर्स करने के बाद यूनिवर्सिटी में विभिन्न सूबों के बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स में अपने करियर को ऊंचाई दे रहे हैं। 12वीं के बाद बीएड एवम् स्नातक की संयुक्त पढ़ाई को लेकर स्टूडेंट्स उत्साह से लबरेज हैं। टीएमयू का कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारों स्टूडेंट्स का सफल शिक्षक बनने का सपना पूरा कर रहा है। इंटरमीडिएट के बाद ही टीएमयू में संचालित बीए-बीएड, बीएससी-बीएड एवम् बीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। बीएड अब 2 साल के स्थान पर 4 साल का है। इसके लिए अब स्नातक करने की आवश्यकता नहीं है। टीचक्रेट्स-मॉडर्न टीचर बनने के बाद सरकारी और पब्लिक विद्यालयों में प्राइमरी, जूनियर, टीजीटी, पीजीटी स्तर के टीचक्रेट्स बनने के रास्ते खुलते हैं। सरकारी और प्राइवेट महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर एजुकेशन के संग-संग टेक्नोलॉजी कंपनियों में मेंटर, स्वयं का स्कूल- कॉलेज खोलने आदि समेत कई रास्ते खुल जाते हैं।

रिसर्च की संभावनाओं के द्वार भी खुल जाते हैं। टीएमयू के सैकड़ों पूर्व विद्यार्थी देश-विदेश में सेवाएं देकर शहर और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। टीएमयू के छात्र कल्याण निदेशक एवम् करियर कोच प्रो. एमपी सिंह बताते हैं, टीएमयू में 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्सेज में प्रवेश लेने से एक साल का लाभ मिलेगा और करियर को लेकर अनिश्चितता भी खत्म हो जाएगी। सरकारी नौकरी के लिए स्टूडेंट्स को विशेष तैयारी समेत आईआईटी- जैम, टीजीटी, पीजीटी, टीईटी, सीटीईटी, सुपर टेट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है, जिससे अधिक से अधिक स्टूडेंट्स का चयन हो सके। निदेशक छात्र कल्याण प्रो. सिंह बताते हैं कि 4 वर्षीय बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स को पूरा करने पर अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही डिग्री प्रदान की जाती है। टीएमयू में चार वर्षीय बीए-बीएड, बीएससी-बीएड एवं बीएलएड पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीएलएड में 50-50, बीएड में 100 एवम् एमएड में 50 सीटों पर प्रवेश लिए जा रहे हैं। छात्रों को सीयूईटी और एनसीईटी के आधार पर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए की ओर से आयोजित एनसीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।




## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत गांव में फैली सनसनी

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम फरीद नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में हड़कंप मच गया। जिसमें मृतिका के परिजनों का कहना है कि महिला ने तीन दिन पूर्व घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे एम्स जौलीग्रांट, देहरादून रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। डिप्टीएसपी ने बताया कि महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने की जानकारी मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की विधिक जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# सावन सोमवार को लेकर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावन माह में भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों की ओर रुख करते हैं। विशेषकर सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

इसी को देखते हुए पुलिस व प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था में बदलाव करते हुए भारी वाहनों के रूट डायवर्जन की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सावन माह के प्रत्येक सोमवार को सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर, कमर्शियल बस आदि वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस, यातायात विभाग, होमगार्ड और पीएसी को चौराहों व शिवालयों के निकट तैनात किया गया है। प्रशासन ने वाहन चालकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सावन सोमवार के दिन निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी आपात स्थिति के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को सतर्क रखा गया है।



## शोहदा ए करबला की याद में जगह-जगह सबीलें लगीं



**कुन्दरकी।** नगर की विभिन्न स्थानों पर में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जी एन आर एफ गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की जानिब से शो. हदाए करबला की याद और इंसानियत की खिदमत के तहत ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई फाउंडेशन के फाउंडेशन के अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया ने बताया गर्मी के इस मौसम में ठंडा पानी लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बन जाता है। हमारा मकसद यह है कि कोई भी प्यासा न रहे। यह एक छोटी सी कोशिश है लोगों की सेवा करना और हमें खुशी है कि हमें इसमें सफलता मिल रही है। स्वयंसेवको ने सारी दोपहरी लोगों को ठंडा शर्बत पिलाया।

# वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर नगर में हुई मैराथन दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ चन्दौसी इंटर कॉलेज से हुआ, जो कैथल गेट, ब्रह्मा बाजार, घंटाघर, मुरादाबाद गेट, फव्वारा चौक होते हुए संजी. वनी पैलेस पर समाप्त हुई। मैराथन के समापन अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में बहजोई पालिक. ध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अंकित जैन तथा गिरीश रतन द्वारा कार्यक्रम में सहयोग देने वाली संस्थाओं एवं समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन का संयोजन व संच. लन डॉ. दुर्गा टंडन द्वारा किया गया। दौड़ में भारत मानव कल्याण समिति व किरण वेलफेयर सोसाइटी समेत नगर के अनेक सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

इस आयोजन के माध्यम से नगरवासियों को स्वास्थ्य, सद्भावना और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। मैराथन दौड़ ने युवाओं व नागरिकों में जोश भर दिया और शहर के बीचोंबीच एकता की नई मिसाल पेश की। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, सुशील भोलेनाथ, शुभम अग्रवाल, दिनेश चंद्र गुप्ता, दिनेश पाल सिंह, आकाश शर्मा, संजय सैनी, तरुण नीरज, धारा सिंह, विपिन बालाजी, डॉ. मनीष गुप्ता, प्रभात कृष्णा, सुधा शर्मा, चारुल वार्ष्णेय, वीना वार्ष्णेय, डॉ. नीलम वार्ष्णेय, रूबी, किरण, लक्ष्मी, मो. निका, सुनीता, दुर्गेश, शिवानी आदि की सहभागिता रही।




## एक नजर

### जीवन को सार्थक और अनुकरणीय बनाएं: नरेश राघव

**चन्दौसी।** सर्व धर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने बताया कि हम अपने जीवन को सार्थक और अनुकरणीय बनाना चाहिए। सत्य और प्रेम हमारी साँस-साँस में रमे हों। दया, सौजन्य, संयम, सेवा, और सहानुभूति हमारे प्रत्येक आचार-विचार में पल्लवित पुष्पित हों, तभी सच्चे अर्थों में हम मानव कहलाने के योग्य हो सकते हैं। हम शान्तिपूर्वक जियें और दूसरों को भी जीने दें जो भूले भटके हैं, उन्हें जीवन का सही रास्ता दिखायें। उन्नति पथ पर जो चल रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग दें। स्वयं तो हम महान् बनें दूसरों को भी महान् बनायें। यह समस्त विश्व परमात्मा का ही प्रतिरूप है। वही समस्त प्राणियों में समाया है। जीवन का वास्तविक लक्ष्य है कि वैयक्तिक सत्ता का समष्टि-ईश सत्ता में मिल जाना। इसी उद्देश्य की सिद्धि के लिए विषय वस्तु का ग्रहण करना है। संसार में असंख्य प्राणी हैं और सबको ही अपनी आवश्यकताएं पूर्ण करनी हैं। अतएव हमें भी अधिक का लोभ न करते हुए अपनी आवश्यकता के अनुरूप ही ग्रहण करना चाहिए उससे अधिक लेना तो पाप है।



### महायोजना-2031 के तहत शहर को मिलेगा नया रूप, अतिक्रमण हटाने का मैप तैयार

**चन्दौसी।** महायोजना-2031 के अंतर्गत शहर का समग्र विकास और सौंदर्यकरण प्रस्तावित है। जनसंख्या में निरंतर वृद्धि के चलते यातायात दबाव और जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके मुख्य कारणों में स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण प्रमुख हैं, जिनके कारण आमजन को सड़कों पर लंबा समय जाम में व्यर्थ गंवाना पड़ता है। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय शर्मा के कार्यकाल में इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए युद्ध स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था, जिसके तहत सरकारी व सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए। उनके स्थानांतरण के पश्चात अब एसडीएम आशुतोष तिवारी को चन्दौसी का कार्यभार सौंपा गया है। उनके नेतृत्व में प्रशास. निक सक्रियता जारी है। एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ अनुज चौधरी और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी की संयुक्त टीम ने स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण की पहचान कर संबंधित लोगों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। परिणामस्वरूप, संभल गेट क्षेत्र में नाले के ऊपर बनी दुकानों के स्वामी स्वयं अतिक्रमण हटाने में जुटे हैं। प्रशासन ने पूरे क्षेत्र का मैप तैयार कर अतिक्रमण हटाने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया है। जल्द ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सके।

# स्थानांतरित शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को उच्च गुणवत्ता प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे विद्यालयों की पहचान की गई है, जहां विद्यार्थियों की संख्या बेहद कम जैसे 12, 40 या 43 है लेकिन वहाँ दो शिक्षामित्रों और दो शिक्षकों की तैनाती की स्थिति बनी हुई थी। इस असंतुलन को दूर करने के लिए शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों की समीक्षा करते हुए शिक्षकों का स्थानांतरण शिक्षक-छात्र अनुपात को ध्यान में रखकर किया है। इसके लिए तैनात शिक्षकों की सूची मांगी गई और स्थानांतरण आदेश जारी किए गए। हालांकि, कुछ जनपदों के शिक्षा अधिकारियों ने इन स्थानांतरण आदेशों के क्रियान्वयन में अनावश्यक अड़चने डालनी शुरू कर दीं। कुछ बीएसए द्वारा यह तर्क दिया गया कि जिन विद्यालयों में दो शिक्षक या शिक्षामित्र तैनात हैं, उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा जिससे स्थिति में भ्रांतियां और भ्रष्टाचार की संभावना उत्पन्न हो गई। इस संदर्भ में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बेसिक शिक्षा परिषद् सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थानांतरण सूची में शामिल सभी शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती स्थल पर ज्वॉइनिंग कराई जाए। कुछ बीएसए द्वारा उत्पन्न संशय की स्थिति को भी विभागीय स्तर पर स्पष्ट कर दिया गया है। अधिकारियों ने दो टूक कहा है कि स्थानांतरण आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस स्पष्ट आदेश के बाद शिक्षकों में भी राहत की भावना देखी जा रही है। जिन शिक्षकों को स्थानांतरण के बावजूद कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा था, उन्हें अब उचित तैनाती की उम्मीद जगी है। शिक्षा विभाग का यह कदम पारदर्शिता, समानता और गुणवत्ता की दिशा में एक मजबूत पहल माना जा रहा है। बता दें कि यह समायोजन कम आवश्यकता वाले विद्यालय से अधिक आवश्यकता वाले विद्यालय में किया गया है तथा समायोजन के बाद इन विद्यालयों में एक शिक्षक व शिक्षामित्र रह जायेंगे, उनमें उनका ध्यान 15 दिनों के बाद पुन: एक समायोजन करके रखा जायेगा।




## गोसेवा के माध्यम से भारत विकास परिषद् ने मनाया स्थापना दिवस

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद् के स्थापना दिवस सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को संभल गेट स्थित गौशाला में गौसेवा की गई। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष प्रभात कृष्णा ने कहा कि गाय के शरीर में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है, यही कारण है कि गाय की पूजा की जाती है। डॉ सुमन गुप्ता ने कहा कि भगवान कृष्ण को गोपाल अर्थात गाय पालने वाला कहा जाता है क्योंकि उन्हें गायों से विशेष प्रेम था। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, विपिन कुमार, डॉक्टर सुमन गुप्ता, राजीव कुमार अग्रवाल, डॉ जयशंकर दुबे, मनोज कुमार गुप्ता, नागेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों का तबादला नहीं होगा निरस्त: बेसिक शिक्षा विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के तबादले को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी परंतु बेसिक शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन शिक्षकों का तबादला आदेशित किया जा चुका है, उनका तबादला निरस्त नहीं किया जाएगा।

उन्हें नियुक्ति स्थल पर जॉइनिंग कराना अनिवार्य है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय द्वारा सभी बीएसए को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि इस बार के तबादलों में शिक्षक-छात्र अनुपात को आधार बनाकर स्थानांतरण किया गया है। शासन के अनुसार, शिक्षकों की तैनाती के पीछे यह उद्देश्य है कि अधिक संख्या वाले विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक हों ताकि बच्चों की शिक्षा पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। विद्यालयों में एक समान शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह तबादला प्रक्रिया संचा. लित की गई है।

हालांकि, देखा गया है कि कुछ स्थानों पर शिक्षकों द्वारा स्थानांतरण के बाद भी नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है। इसे लेकर विभाग ने गंभीर रुख अपनाते हुए बीएसए को निर्देशित किया है कि वे संबंधित शिक्षकों की जॉइनिंग तत्काल सुनिश्चित कराएं। यदि कोई शिक्षक अनावश्यक विलंब करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। साथ ही अगर कोई शिक्षक बिना उचित कारण के जॉइनिंग नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस आदेश से स्पष्ट है कि अब तबादले को लेकर कोई ढील नहीं बरती जाएगी और सभी को समयबद्ध तरीके से अपने कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। विभाग के अनुसार इस व्यवस्था से जहां शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं नवीन नियुक्त शिक्षकों को भी स्कूल आवंटन और नियुक्ति में पारदर्शिता मिलेगी। इससे ग्रामीण व दूरस्थ विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। बेसिक शिक्षा विभाग का यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब शिक्षकों को तबादले के पश्चात किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने की अनुमति नहीं होगी।

# नगर में निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

**चन्दौसी।** रविवार को नगर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में पारंपरिक तरीके से मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। अकीदतमंदों ने गम और मातम के साथ कर्बला के शहीदों को याद करते हुए नौहे पढ़े और सीनाजनी की। जुलूस में शहर के सभी मोहल्लों के ताजिए शामिल हुए और संभल गेट स्थित सुनहरी मस्जिद से जुलूस का शुभारम्भ किया गया। संभल गेट से शुरू होकर घंटाघर, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट, एफ. आर. रोड, जारई गेट चौराहे से बड़ी मस्जिद इमामबाड़े पर पहुंचकर मुख्य जुलूस की अगुवाई में सौकरी गेट, लक्ष्मणगंज, पुलिस चौकी, नखासा पर पहुंचा जहां मौहल्ला पंजाबियान स्थित इमामबाड़े में समापन हुआ। छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल हुए। कई स्थानों पर ताजियों की जियारत के लिए महिलाओं और बच्चों की भीड़ देखी गई।वहीं मोहर्रम के इस संवेदनशील अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिला प्रशासन की ओर से जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, सीओ अनुज चौधरी व इंस्पेक्टर मी. हत कुमार स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति का जायजा लेते रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसियापुरा पदार्थ निवासी प्रदीप पुत्र जयपाल सिंह की शादी थाना डिलारी के गांव हुजरा निवासी गजराम सिंह की पुत्री पूजा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही जसपुर में अपनी पत्नी के साथ रह रहा थे। बीते दिन अपनी अपनी पत्नी पूजा और दो बच्चों के साथ अपनी ससुराल आया थे। अलियाबाद के बाजार में खरीदारी की। इसह दौरान घर अपनी ससुराल वापस जाते हुए प्रदीप की बाइक अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिसमें प्रदीप कुमार घायल हो गए। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। इसके बाद परि. जनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम से शव उसकी पत्नी अपनी ससुराल लेकर पहुंची तो वहां मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी पर हत्या का शव लाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामें की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बूझाकर मृतक के परिजनों को शांत किया।

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, देश भक्त, क्रांतिकारी डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती चंदौसी रेलवे जंक्शन के सामने स्थित मुखर्जी चौक पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा (स्मारक) पर मनाई गई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने डा0 मुखर्जी की प्रतिमा (मूर्ति) के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

कवि माधव मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने संसद के भाषण में कहा था कि राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी देशभक्त, क्रांतिकार, शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। राष्ट्रीय एकात्मता एवम अखंडता के प्रति अगाध श्रद्धा ने ही डॉक्टर मुखर्जी को राजनीति के समर में झोंक दिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 06 जुलाई 1901 को कलकत्ता (कोल. काता) के प्रसिद्ध बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। पिता सर आशुतोष मुखर्जी एवं माता जोगमाया मुखर्जी थीं। पिता कलकत्ता हाईकोर्ट में प्रसिद्ध वकील थे। 1921 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक, 1923 में एम.ए. तथा 1924 में बी.एल. किया। 16 अप्रैल 1922 को डॉक्टर मुखर्जी का विवाह सुधा देवी के साथ हुआ। पिता के निधन के बाद 1923 में इंग्लैंड चले गए वहां से बैरिस्टर बन कर लौटे। उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट में वकालत शुरू की। 1934 में डॉक्टर मुखर्जी विश्व के सबसे कम उम्र मात्र 33 वर्ष के कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुल. पति बनाए गए। वह बंगाल विधान परिषद सदस्य भी चुने गए। 1944 में हिंदू महासभा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। डॉक्टर मुखर्जी को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया लेकिन 06 अप्रैल 1950 को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। 1952 में भारतीय जनसंघ ने तीन सीटों पर विजय प्राप्त की। जिस समय अंग्रेज अधिकारियों और कॉंग्रेस के बीच देश की स्वतंत्रता के प्रश्न पर वार्ताएं चल रही थी और मुस्लिम लीग देश के विभाजन की अपनी जिद पर अड़ी हुई थी तब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विभाजन का पुरजोर तरीके से विरोध किया, जिसके कारण आधा पंजाब और आधा बंगाल भारत में मौजूद है। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और संविधान था। वहां का मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री कहा जाता था लेकिन डॉक्टर मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने जोरदार नारा दिया 'एक देश में दो निशान, एक देश में दो प्रधान, एक देश में दो विधान, नहीं चलेंगे-नहीं चलेंगे।' अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में डॉक्टर मुखर्जी ने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि 'या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।' मई 1953 में बिना परमिट जम्मू कश्मीर में प्रवेश करने पर डॉक्टर मुखर्जी को 11 मई 1953 में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने हिरासत में ले लिया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनके बलिदान के बाद शेख अब्दुल्ला को हटा दिया गया। अलग संविधान, अलग प्रधान एवं अलग झंडे का प्राविधान निरस्त हो गया। 05 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटा दी। जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। डॉक्टर मुखर्जी का सपना साकार हुआ। हम सब भारत सरकार से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए 'भारत रत्न' देने की मांग करते हैं। शत-शत नमन। इस अवसर पर रामकिशोर अग्रवाल, बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी, सच्चिदानंद शर्मा, एन के शर्मा, हेमंत कुमार गुप्ता, वेदराम मौर्य, आर एम सक्सेना, डॉक्टर जितेंद्र वर्मा, रमेश चन्द्र मिश्रा, अतुल सिंह, राजकुमार, शशांक मिश्रा, शेखर शर्मा, रुद्रम यादव, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।



# लब्बैक या हुसैन, दिल का चैन या हुसैन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बरोज इतवार यौमे आशूरा पर एक ताजियती जुलूस नियाजी वेल्फेयर सोसायटी की जानिब से काशानाए नियाजी फैजगंज से निकाला गया।जो जी आइ सी चौराहा सूफी जी की ज्यारत, जामा मस्जिद चौराहा, प्रिंस रोड, इन्द्रा चौक गलशहीद चौराहा होते हुआ करबला शरीफ पहुंचा। जिसकी सरपरस्ती खानकाहे नियाजिया के सज्जादा हजरत शाह मेहदी मियां निजामी नियाजी साहब किडला ने फरमाई और कयादत हजरत सय्यद सलमान मिया नियाजी साहब ने फरमायी।आज 10 मोहरम्मुल हराम ष्यौमे आशूराष पर काशानाए नियाजी, जिया मजिल में सय्यद सलमान मियां नियाजी साहब ने यौमे आशरा की खुसूसी दुआ फरमायी दुआ के बाद किले वाली मस्जिद में जुहर की नमाज अदा करने के बाद एक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में शामिल हजरात लोगो में सम्यद अम्मार मिया सा सय्यद तकी मियां, सय्यद फरीद मिया एडवोकेट, सय्यद ताबिश मियाँ, सय्यद उबैद मियाँ, सय्यद मोइन मिया, सय्यद इरतेजा मियां, अली हसन मियाँ, नुरुल हसन मिया, मुजतबा मिया, अहमद हसन मियी, रहबर मिया, हुसैन अली कि के साथ अन्य सभी बच्चों ने इमाम हुसैन अलै0 की बारगाह में नजरानए अकीदत पेश की और दुआएं मांगी।नियाजी वैलफेयर सोसायटी के सय्यद रागिव नियाजी, हनीफ नियाजी जमीर नियाजी, शहजाद नियाजी, नदीम नियाजी आजम नियाजी (बब्बू नाजिम नियाजी, जुबेर नियाजी, आजम नियाजी (बब्लू), अनस नियाजी, जुनैद नियाजी, शुऐब नियाजी, जुबैर नियाली, अमान नियाजी, अलता हसन नियाजी, अजबाब नियाजी, खादिम नियाजी, दानिश नियाजी, स कैफ नियाजी, अली अमान, नाजिम नियाजी, हामिद नियाजी, हैदर नियाजी, आदिल वारसी, आलम साबरी गुलाब नियाजी और बहुत से अकीदत मद हजरात जुलूस में शामिल रहे।

# सरकारी अध्यापक की गोली मारकर हत्या, सनसनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** सर्किल में सोनकपुर थाने के रम्पुरा धतरारा गांव में परिषदीय अध्यापक 43 वर्षीय प्रवीण सिंह उर्फ सीटू पुत्र खिलेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोली आंख में लगी और चीरते हुए पीछे निकल गई। उनका शव गांव के बाहर मुबारकपुर रोड पर चकमार्ग पर पड़ा मिला। घटनास्थल पर काफी खून था। वह बिलारी ब्लॉक के नूरुद्दीन गंज के सरकारी स्कूल में में अध्यापक थे। वर्ष 2005 से चंदौसी में रहते थे। पत्नी गुडडी का कहना है कि शनिवार की शाम सात बजे घर में खाना खाकर दो घंटे में लौटने की बात कहकर निकले थे देर तक नहीं लौटे तो उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया परंतु बात नहीं हो पाई। सवेरे को गांव के बाहर उनका शव पड़ा होने की सूचना मिली तो घर में सभी बेहाल हो गए। चक मार्ग पर शव पड़ा होने की सूचना पर भीड़ जमा हो गई तो गांव के कुछ लोगों ने उन्हें पहचाना और सोनकपुर पुलिस को सूचना दी। सीओ अशोक कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सीओ का कहना है कि परिजन किसी से रंजिश की बात से इनकार कर रहे हैं। घर में मृतक की पत्नी के अलावा एक बेटी दिव्यांशी, बेटा अमन है। पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# मोहर्रम के मेले में दरोगा के साथ मारपीट, वर्दी फाड़ी

■ मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स, संवाददाता

**ठाकुरदारा।** मोहर्रम के मेले में ड्यूटी पर तैनात दरोगा ने युवक को मीना बाजार में घुसने से रोका तो युवक आग बबूला हो गया और दरोगा के साथ मारपीट कर वर्दी फाड दी ।किसी तरह ग्रामीणों ने युवक के चुगल से दरोगा को छुड़ाया । दरोगा के साथ मारपीट करने के दौरान मोहर्रम के मेले में भगदड मच गई। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रुद्र कुमार कोतवाली प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । दरोगा के साथ मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया ।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव राघुवाला मे मोहर्रम के लगे मेले में अरमान नामक युवक मीना बाजार में घुसने का प्रयास कर रहा था इस पर दरोगा जितेंद्र मीणा ने युवक कोमीना बाजार में जाने से रोक दिया इसी बात को लेकर अरमानदरोगा से बढ़ गया और मारपीट शुरू कर दी । जिसमें दरोगा की वर्दी भी फट गई। इस दौरान दरोगा को ग्रामीणों ने युवक के चुगल से मुश्किल बचा कर बाद में ग्रामीणों ने युवक को जमकर पीटा।

सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी रुद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि युवक मेले में जबरदस्ती मीना बाजार में घुसने का प्रयास कर रहा था । प्रभारी निरीक्षकने बताया कि ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने अब मेले में उपद्र मचाने के आरोप में उसे फिलहाल हिरासत में ले लिया है

# सपा विधायक ने ताजियों के जुलूस में की भागीदारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** रविवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने नगर बिलारी समेत क्षेत्र के अनेक गांव मोहम्मद इब्राहिमपुर, इब्राहिमपुर मिर्जा, बेहटा सरथल, जलालपुर, सहसपुर, आजम वाली मिलक, असालतनगर बघा, नगलिया मशकुला, आजमनगर चोपड़ा, जिगनिया, मैनाठेर, कलालखेड़ा आदि में पहुंचकर ताजियों के जुलूस में भागीदारी की। इस दौरान अकीदतमंदों की काफी भीड़ रही। इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत से हमें सीख लेनी चाहिए, हमेशा हक, सच्चाई और ईमानदारी पर रहना चाहिए, चाहे कितनी बड़ी ही कुर्बानी ही क्यों न देनी पड़ी। कई जुलूसो के दौरान ताजियेदारों ने विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

# श्यामा प्रसाद मखर्जी की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला हर्ष नगर स्थित महाराणा प्रताप स्कूल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश सैनी ने जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा भारत की एकता और अखंडता की दिशा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विजन करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है, देश की आन–बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी में विकसित हुई कश्मीर मुद्दे पर संघर्ष उन्होंने जम्मू और कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की मांग की कश्मीर से धारा 370 हटाकर उनके स्वप्न को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने और शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए कई पहलें कीं उन्होंने राष्ट्रवाद और हिंदू सशक्तिकरण की वकालत की और हिंदू महासभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। साथ ही कहा उनके आदर्शों और सिद्धांतों को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य योगदान है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, महामंत्री अमित चौधरी, उपाध्यक्ष प्रशान्त चौधरी, अभिलाष गौड़ , हेमन्त शर्मा, मेघपाल सिंह, मनोज कुमार, नवनीत यादव, टिंकू मौर्य, प्रेमपाल पासी, वीरपाल सिंह, उदयराज सिंह, विशाल प्रजापति, अमित प्रजापति, रामनिवास शर्मा, अजयपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष केपी राणा , मनोज सक्सेना, अमित पाल, दिनेश चौधरी यश प्रताप सिंह , किशोर कुमार ,अनिल कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर


### आशूरा के जुलूस में निकाले गए ताजिए अजादारों ने छुरियों का मातम कर खुद को किया लहूलुहान



**अगवानपुर।** नगर में आशूरा के जुलूस में ताजिए बरामद किए गए। इस दौरान अजादारो ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। हाय हुसैन हाय हुसैन की सदाओं से नगर गूंज उठा। वही नगर के मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में मौलाना डॉ मंजर अली आरफी ने इमाम हुसैन की शहादत बयान करते हुए कहा कि रोजे आशूरा को इमाम हुसैन ने सुबह से लाशे पा लाशे उठाई। कभी अपने दोस्त हबीब इब्ने मजाहिर का लाशा कभी बत्तीस साल के भाई अब्बास का लाशा कभी जवान बेटे अली अकबर का लाशा कभी छह माह के अली असगर की कब्र बनाई। आखिर में इमाम हुसैन मैदान में गए तीन दिन के प्यासे कब तक लड़ते आवाज गैबी आई ऐ हुसैन सर को झुका दो खंजरे बेदाद के लिए कुछ इम्तेहान छोड़ दो सज्जाद के लिए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को चारों तरफ से फौजें सितमगर ने घेर लिया। किसी ने तीर मारा किसी ने नेजा मारा उन्नीस सौ है। जख्म तने चाक चाक पर जैनब निकल हुसैन तड़पता है। खाक पर।

इमाम हुसैन की शहादत सुनकर अजादारो ने सरो सीना पीट लिया। जिसके बाद जुलूस बरामद किया गया। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ कर्बला पहुंचा जहां अजादारों ने छुरियों का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। मातम के बाद ताजिए को सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान नैय्यर अब्बास नकवी, तसव्वुर हुसैन, हैदर हसन, शबी अब्बास, इरशाद हुसैन, दानिश नकवी, तस्वीर हुसैन, आदिल नकच्वी आदि लोग मौजूद रहे।

### या हुसैन की सदाओं की गूंज से माहौल गमगीन रहा



**डिलारी।** रविवार को मुहर्रम शांतिपूर्वक मनाया गया, जुलूस निकाल कर अकीकदमदों ने ताजियो को कर्बला तक पहुंचाया, ताजियों पर नजरों नियाज का सिलसिला जारी रहा, चारों तरफ या हुसैन की सदाएं रहीं, परंपरागत तरीके से मेलों का भी आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने जमकर चाट पकौड़ी खाई ,झूलो का आनंद लिया, क्षेत्र के नगर पंचायत ढकिया, कस्बा डिलारी, मासूमपुर, राजपुर केसरिया, जटपुरा,फरीदपुर हाजी, अकबरपुर, आलियाबाद, मलकपुर सेमली, करनपुर, काजीपुरा, मुस्तफापुर,बढेरा, सलीम सराय, बहादुरगंज, डुमरडिया कला ,आदि में जुलूस निकालकर ताजिए शांतिपूर्वक कर्बला तक पहुंचाए गए। जिसमें बच्चे एवं महिलाओं ने जमकर मेले का लुफ्त उठाया, इस दौरान पुलिस प्रशासन, भारी संख्या में मौजूद रहा।

# शहीदाने कबरला की याद में निकले ताजियों के जुलूस एसपी रूरल व एसडीएम ने किया क्षेत्र का भ्रमण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** नगर बिलारी समेत ग्रामीण इलाकों में शहीदाने कर्बला की याद में ताजियों का जुलूस अकीदत से निकाला गया। जुलूस निकालने को लेकर रविवार सुबह से ही तैयारी शुरू हो गई थी। बिलारी के कई मोहल्लों से उठे ताजिए निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद एक साथ ताजियों का जुलूस निकलना शुरू हुआ। जुलूस के आगे कुछ युवक ढोल बजाते हुए, कुछ युवक गदका कला का प्रदर्शन करते चल रहे थे।

मुस्लिम महिलाएं और छोटे बच्चे अकीदत के साथ ताजियों के नीचे होकर निकले। ताजियों के आगे मीलाद पार्टी के सदस्य नोहे पढ़ते चल रहे थे। इस दौरान शहीदाने कर्बला की शहादत को याद किया जा रहा था। बीच बीच में एक नारा सरवरी–या हुसैन की सदाएं बुलंद हो रही थीं। देर रात सभी ताजिए नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित कर्बला पर पहुंच पाए। कर्बला के आस पास मेले जैसे माहौल था। ताजिए कर्बला पर पहुंचने के दौरान ताजिएदारों और नागरिकों ने तबर्रुख पर विशेष फातिहा पढ़ी। गांव मुंडिया भीकम और मुंडिया राजा के ताजिए भी शाम तक बिलारी में पहुंच गए। ताजियों का जुलूस शांतिपूर्व संपन्न कराने के लिए एसपी देहात कुमार आकाश सिंह एसडीएम विनय कुमार सिंह और सीओ अशोक कुमार सिंह ने इब्राहिमपुर मिर्जा, बेहटा सरथल, बिलारी नगर, सहसपुर और स्योंडारा आदि गांवों का भ्रमण कर जायजा लिया। एसडीएम द्वारा नियुक्त किए गए सभी मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा आदि कर्बला में ताजिए दफन होने तक मुस्तैद रहे।

# मोहर्रम पर कई जगह निकले ताजिए, नगर में दुलदुल और बुर्राक का शानदार प्रदर्शन



**कांठ।** रविवार को मोहर्रम का पर्व क्षेत्र में मनाया गया जिसमें अलग–अलग जगह पर ताजियों के जुलूस निकाले गए नगर में शाम को मोहल्ला पृथ्वीगंज से अंसारियान मुहर्रम कमेटी और मोहल्ला चौक बाजार से हलवाईयान मुहर्रम कमेटी के तत्वाधान में जुलूस निकाले गए।दोनों जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर पुरानी सब्जी मंडी के पास स्थित मछली बाजार में पहुंचेंगे जहां पर दुलदुल बुर्राक और घोड़ों के मध्य दोनों कमेटियों द्वारा जबरदस्त मुकाबला कराया गया । रोमांचक मुकाबले देखने के लिए हजारों की भीड़ जमा थी स मुहर्रम के अवसर पर नगर में मेले का आयोजन भी किया गया स पैगम्बरपुर, हरिनूरपुर, गढ़ी, खलीलपुर, महदूद कलमी, टांडा, छजलैट के कुरी रवाना, भीकनपुर, सराय खजूर आदि गांवों में भी परंपरागत ढंग से ताजिये निकाले गए। एसडीएम संत दास पवार, सीओ , तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने क्षेत्र में भ्रमण कर मुहर्रम पर शांति व्यवस्था का जायजा भी लिया।

# बाइक में टक्कर मारने वाले टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** शाकिर पुत्र मंगू निवासी कूड़ा मीरपुर थाना छजलैट का बेटा 5 जुलाई को मोटर साइकिल से अपनी ससुराल मेवाजट से कुडामीरपुर आ रहे थे रास्ते में रसूलपुर के पास विपरित दिशा से आ रहे टैम्पू ने टक्कर मार दी। जिसमे बेटे साजिद अली, बहू गुलफसा एंव पोते अब्दुल मुतालिब और युजासिक के चोट लगी है।

साजिद एंव यूजासिक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है । साजिद अली का इलाज फोटोन और यूजासिक का इलाज कॉस्मोस हास्पिटल में चल रहा है । साजिद अली के पैर में फैक्चर है और कुल्हे की हड्डी भी टूटी चुकी है । साजिद की स्थिति गम्भीर बनी हुई है । घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से निरंकारी राजपिता जी एवं सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के प्रवचनों का सीधा प्रसारण सुना

**डिलारी।** संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में मासिक निरंकारी संत समागम में एलइडी प्रोजेक्टर के माध्यम से निरंकारी राजपिता जी एवं सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के प्रवचनों का सीधा प्रसारण सुना गया प्रसारण के दौरान सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि भक्ति सूत्र के अनुसार भगवान के प्रति उत्कृष्ट प्रेम भक्ति है जब मनुष्य इसे प्राप्त कर लेता है तो सभी उसके प्रेम पात्र बन जाते हैं वह किसी से घृणा नहीं करता है बल्कि सदा के लिए सभी के प्रति संतुष्ट हो जाता है जब तक सांसारिक वासनाएं मन में घर किए रहती हैं तब तक इस प्रेम का उदय नहीं होता भक्ति का बड़ा लाभ यह भी है कि यह हमें हमारे परम लक्ष्य तक पहुंचा देती है भक्ति परिपक्व होकर ऐसी अवस्था को प्राप्त हो जाती है जिसे पराभक्ति कहते हैं।

इस पराभक्ति से अभिभूत व्यक्ति प्रेम स्वरूप भगवान के इतने निकट होता है कि उसके मन में फिर दूसरे के प्रति घृणा का भाव समाप्त हो जाता है यहां खुद से ज्यादा प्रभु महत्वपूर्ण हो जाता है ज्ञानी भक्त के जीवन में पूर्ण ज्ञान के साथ पूर्ण भक्ति भी स्वत: आ जाती है एक पतिव्रता स्त्री अपने पति का ध्यान करती है तो यहां भी एक प्रकार से उत्कंठा युक्त निरंतर स्मृति को लक्ष्य किया जाता है भक्ति प्रभु से लगी एक लगन होती है भक्ति में किसी भी प्रकार का क्रय विक्रय नहीं होता और नहीं भक्त किसी प्राप्ति की आशा से प्रेम करते हैं भक्त अगर किसी आशा से भक्ति करता है तो वह तो एक प्रकार से दुकानदारी सी हो जाती है प्रभु की आराधना के बदले में हमें कुछ मिलेगा ऐसा करना यथार्थ प्रेम नहीं है भक्त भगवान से इसलिए प्रेम करता है कि वह प्रेमास्पद है सच्चे भक्त के इस दैवीय प्रेम का और कोई कारण नहीं होता है सत्संग प्रोग्राम में स्टेज का कुशल संचालन रामवीर सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर, कमल कुमार, महेंद्र सिंह,भजन सिंह, विपिन कुमार, चंद्रभान सिंह, उदल सिंह, दयाराम सिंह, पीतम सिंह, अरविंद कुमार, ध्यान सिंह,किशनपाल,ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी ,अनीता देवी ,कमलेश देवी, नीतू देवी, सविता देवी, ज्योति सिंह, लवली ,कामिनी , निशि, आस्था, वंशिका ,अवनि आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात लंगर का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में मासिक निरंकारी संत समागम में एलइडी प्रोजेक्टर के माध्यम से निरंकारी राजपिता जी एवं सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के प्रवचनों का सीधा प्रसारण सुना गया प्रसारण के दौरान सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि भक्ति सूत्र के अनुसार भगवान के प्रति उत्कृष्ट प्रेम भक्ति है जब मनुष्य इसे प्राप्त कर लेता है तो सभी उसके प्रेम पात्र बन जाते हैं वह किसी से घृणा नहीं करता है बल्कि सदा के लिए सभी के प्रति संतुष्ट हो जाता है। सत्संग प्रोग्राम में स्टेज का कुशल संचालन रामवीर सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, त्रिवेणी शंकर, कमल कुमार, महेंद्र सिंह,भजन सिंह, विपिन कुमार, चंद्रभान सिंह, उदल सिंह, दयाराम सिंह, पीतम सिंह, अरविंद कुमार, ध्यान सिंह,किशनपाल,ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी ,अनीता देवी ,कमलेश देवी, नीतू देवी, सविता देवी, ज्योति सिंह, लवली ,कामिनी , निशि, आस्था, वंशिका ,अवनि आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात लंगर का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।

# अली अखाड़ा और दुल दुल घोड़े का जुल्फिकार अहमद ने फीता काटकर कराया शुभारंभ



**काँठ।** मोहर्रम के मौके पर जुल्फिकार अहमद पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी काँठ ने अली अखाड़ा व दुल दुल घोड़े का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज सेवा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में वह हमेशा अग्रणी रहते हैं और हमेशा रहेंगे। इस मौके पर आफताब आलम , रिफाकत खघन, मो०महबूब गुड्डू, इरफान अल्वी, जलालुद्दीन उस्ताद, वसीम फरीदी, शमशाद फरीदी, हाजी सईद मेम्बर, काशिफ फरीदी, खघुर्शीद फरीदी, नदीम मंसूरी, नब्बू फरीदी, मो० अनस, बिलाल फरीदी, असजद अंसारी, गुड्डू अंसारी, मुसीर अंसारी, नितिन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस निकला

**ठाकुरद्वारा।** मुहर्रम की 10 तारीख को नवासा–ए–रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में नगर व आसपास के क्षेत्रों में गमगीन माहौल रहा। तमाम मोहल्लों और गांवों से ताजियों के जुलूस निकाले गए। शहीदाने कर्बला की याद में लोगों ने मातम कर गम का इजहार किया और जगह–जगह लंगर व सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत तकसीम किया गया नगर व देहात क्षेत्र में ताजियों का जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देर शाम कर्बला पहुंचा, जहां उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया गया। इस दौरान ढोल–ताशे बजाकर मातम किया गया और युवाओं ने अखाड़ों में मार्शल आर्ट जैसे करतब दिखाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुहर्रम की 10 तारीख इस्लामिक इतिहास का वह काला दिन है जब कर्बला के मैदान में यजीद की फौज ने हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया था। इमाम हुसैन ने इस्लाम की हिफाजत के लिए यजीद की जालिम हुकूमत के आगे सिर नहीं झुकाया और शहादत को गले लगाया। गांवों में भी रही शहादत की गूंज कमालपुरी, गोपीवाला, फरीदनगर, राजूपुर, पानूवाला व राघूवाला सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों से भी ताजियों के जुलूस निकाले गए। हर जगह इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर मातम किया गया। बच्चों ने कर्बला के वाकये बयान किए और लोगों ने लंगर तकसीम कर शर्बत पिलाया। ताजिया जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। नगर में जगह–जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोन्टी गलत संगत में पड़ गया है। उसका चाल चलन भी ठीक नहीं है। गलत संगत तथा आचरण में पढ़ने के कारण मैं तथा मेरे परिवार ने मोन्टी से अपने सभी संबंध समाप्त कर दिए है। तथा उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि कोई उससे संबंध रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

नौबहार सिंह पुत्र घसीटा सिंह,
निवासी ग्राम ढक्का करमचंद,
थाना धामपुर, जिला बिजनौर।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी
## विकास खण्ड–भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025–26 दिनांक: 05.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 19.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी–अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी–अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 19.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मौ0 अहमद के घर से मदीना मस्जिद तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, टाईल्स आदि। | 80 मी0 | 395883 | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | फुरकान के घर से लड्डन के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 70 मी0 | 299510 | 500 | 2% | 9 माह |
| 3 | जामा मस्जिद से लल्लू पहलवान तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 80 मी0 | 341509 | 500 | 2% | 9 माह |
| 4 | सुम्मेर सिंह के घर से शीशपाल के घर तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 187081 | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:–1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत रूस्तमपुर तिगरी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विश्व मुक्केबाजी कप में साक्षी ने जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना, वार्ता।** दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप - अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन परेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़मि काइजेबे के खिलाफ़ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3-2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे।

### नीरज ने अपने नाम का टूर्नामेंट जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने अपने ही नाम श्नीरज चोपड़ा क्लासिकश का टूर्नामेंट जीत लिया। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में नीरज ने अपने घरेलू दर्शकों के साथ 86.18 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। 27 साल के नीरज चोपड़ा पहली बार अपने देश में किसी वर्ल्ड क्लास इवेंट में हिस्सा ले रहे थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इस टूर्नामेंट को श्एश कैटेगरी दी है। टाइटल जीतने के बाद नीरज ने कहा- मैं इस डिस्टेंस से खुश नहीं हूं।

# बर्मिंघम में 58 साल बाद भारत की जीत

**● दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया, आकाशदीप को 10 विकेट शुभमन गिल के 430 रन सीरीज 1-1 से बराबर**







**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर आलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से सात में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रा हुआ था। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुक.ाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिए।

भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। 64वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवा दिया। यहां जोश टंग (2 रन) को रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। आकाश ने लगातार दो छक्के खाने के बाद स्मिथ को कैच कराया। 56वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गंवाया। यहां जैमी स्मिथ (88 रन) को आकाश दीप ने वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। वे 5 विकेट ले चुके हैं। आकाश ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन), बेन डकेट और जो रूट के विकेट भी झटके। 53वें ओवर में इंग्लैंड ने 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स को सिराज के हाथों कैच कराया। वोक्स 7 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में जैमी स्मिथ डीआरएस लेकर पगबाधा होने से बच गए। फील्ड अंपायर ने उन्हें भारत की अपील पर आउट दे दिया था। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप से ऊपर थी। जैमी स्मिथ ने वाशिंगटन सुंदर के ओवर में 17 रन बनाए। उन्होंने 49वां ओवर डाल रहे सुंदर की पहली बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर चौका और 5वीं बाल पर छक्का लगाया। आखिरी बाल पर एक रन भी आया। इंग्लिश विकेटकीपर जैमी स्मिथ ने 47वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के ओवर की तीसरी बाल पर

# गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर-4 की याद दिला दी: ट्रॉट



**● जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा : मैं ईमानदारी से यहा आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जबरदस्त बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है कि गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा कि मैं ईमानदारी से यहां आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मुझे याद नहीं आता कि उसने इंग्लिश गेंदबाजों को एक भी मौका दिया हो। जिस तरह से उसने गियर बदला - अपनी मर्जी से छक्के लगाए - बिना किसी स्लोगन के, सिर्फ शुद्ध क्रिकेट शॉट, वह कुछ खास था। उसने दिखाया कि वह कितना संपूर्ण बल्लेबाज है। इसने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी कि लगभग उस प्रतिभा की कार्बन कॉपी। मुझे नहीं लगता कि वह इस दौरे पर अपने पहले दो टेस्ट मैचों में इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना कर सकता था। निश्चित रूप से, वह हेडिंग्ले में जीतना चाहता था, लेकिन अब उम्मीद है कि वह यहां एक शानदार जीत दर्ज करेगा। मैच सेंटर लाइव' पर बोलते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने भी शुभमन गिल की शानदार पारी की भी प्रशंसा की कि शुभमन कभी भी कोई गलती नहीं कर सकते हैं, और मुझे उम्मीद है कि यह फ़ॉर्म यथासंभव लंबे समय तक जारी रहेगा। लेकिन यह संयोग से नहीं हुआ है। उन्होंने लाल गेंद के खिलाड़ी के रूप में सुधार करने के लिए बहुत मेहनत की है। आईपीएल के दौरान भी। उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव किया है, अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है, और आप परिणाम देख सकते हैं। जब शुभमन गिल जैसा प्रतिभाशाली व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है गज की दूरी तय करके, वह उस 'लीजेंड' क्षेत्र में कदम रखता है। आरोन ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण पर टिप्पणी की, ह्क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाज में वास्तव में गति की कमी है। इस तरह के विकेट पर, आपको गति और लाइन की आवश्यकता होती है। वह एक बहुत अच्छा गेंदबाज है, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन वह चोट से वापस आ रहा है और शायद अपनी चरम गति से गें.दबाजी नहीं कर रहा है। भले ही वह अच्छे क्षेत्रों में हिट कर रहा हो, लेकिन इसके पीछे पर्याप्त नहीं है। अधिकांश अंग्रेजी गेंदबाज हिट-द-डेक गेंदबाज हैं, जो इस विकेट के लिए कुछ हद तक अनुकूल है - लेकिन उन्होंने बहुत कम गेंदबाजी की है। वरुण आरोन ने कहा कि 'पहले टेस्ट में, स्टोक्स ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन इस बार, वह उतना प्रभावी नहीं रहा है। इसलिए, यदि आप शीर्ष तीन अंग्रेजी गेंदबाजों को देखें, तो वे इन परिस्थितियों के अनुक.ूल नहीं लगते हैं। दूसरी ओर, सिराज और आकाश दीप जैसे भारतीय गेंदबाज़ बहुत कम गति से गेंदबाजी कर रहे हैं। स्वस्थ गति - लगातार 140 किमी प्रति घंटा - और पूरे समय स्टंप पर हमला किया है। हर बार जब वे स्टंप के लिए गए हैं, तो कुछ हुआ है। उन्होंने सीम को जोर से मारा है और क्रीज का वास्तव में अच्छा उपयोग किया है। यह पांच बहुत अलग गेंदबाज हैं जो

# एक टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय बने शुभमन गिल

**● भारत ने पहली बार हजार रन बनाए, शुभमन गिल ने 11 छक्के लगाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम टेस्ट के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया। शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे। शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने। शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने। शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे

### गावस्कर का 774 रन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं गिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भारतीय कप्तान शुभमन गिल पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका वो रिकॉर्ड आज तक कायम है। कोई भी भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। दूसरे नंबर पर भी गावस्कर ही हैं जिन्होंने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाये थे। तीसरे नंबर पर मौजूदा ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाये थे। रन मशीन विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014-15 की सीरीज में चार मैचों में 692 रन बनाये थे। गिल ने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 430 रन बनाए हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं, पहले नंबर पर ग्राहम गूच हैं, जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ 456 रन बनाए थे। गिल ने इस इंग्लैंड दौरे पर पहले दो टेस्ट में 585 रन बनाए हैं, जो सीरीज के पहले दो टेस्ट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं। पहले नंबर पर ग्रीम स्मिथ हैं, जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड में 621 रन बनाए थे। गिल अब बतौर कप्तान पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा। गिल दूसरे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले ऐसा 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाकर किया था। गिल उन नौ बल्लेबाज़ों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक लगाया है।




# कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**ज़ाग्रेब, वार्ता।** मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं, जान-क्रिज़ूटोफ़ डूडा 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और डी गुकेश 15-5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की



**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है।

भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर

**● जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश है**

प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि 'सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है। मुझे नहीं लगता कि कभी-कभी हम उसे इसके लिए पर्याप्त श्रेय देते हैं। मोर्कल ने कहा कि आक.ाश दीप की आक्रमण शैली ने भारत को नई गेंद के कुछ समय के अंतराल में कुछ करने की क्षमता दी। मोर्कल ने कहा कि 'वह एक आक्रामक गेंदबाज है जो सवाल पूछता है, स्टंप पर बहुत गेंदबाजी करता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में यह एक सुनहरा नियम है : स्टंप पर लगातार सवाल पूछना। इसलिए ब्रिटेन में इस तरह की परिस्थितियों के लिए, यह उसकी शैली के अनुकूल है। और चोट से वापस आकर उसे तेज गति से दौड़ते हुए देखना, हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। वह एक स्वप्निल गेंद थी शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जो रूट और उन्हें इस तरह से आउट करना आकाश की गुणवत्ता को दर्शाता है, कि वह क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि वह भी हम सभी की तरह ही एक व्यक्ति हैं। आप उन्हें जितना अधिक आत्मविश्वास देंगे, लगभग ऐसा लगेगा कि गेंद के पीछे थोड़ी अधिक ऊर्जा है और उम्मीद है कि वह आज रात उस गेंद को अपने फोन पर देखेंगे और फिर कल कुछ और गेंदें लाएंगे। हालांकि, मोर्कल ने कहा कि यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि




# स्मिथ-ग्रीन के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाई मैच पर पकड़

**● स्टीव स्मिथ 71, कैमरून ग्रीन 52 रनों की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच में मजबूत पकड़ बना ली**

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। शनिवार को सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने 123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64-3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे।

### श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है।

### रियल मैड्रिड-पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने शनिवार को खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुक.ाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की।

# या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजी फिजाओं में

■ सुन्नी समुदाय की ओर से निकाला गया जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नियाजी वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा दसवीं मोहर्रम को सुन्नी समुदाय की ओर से हर वर्ष की भांति इस साल भी खानकाह नियाजिया के खलीफा सैयद सलमान मियां नियाजी की कयादत में और हजरत शाह मेहंदी मियां नियाजी की जीरे सरपरस्ती में अलम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस किले वाली मस्जिद से जोहर की नमाज के बाद सलमान मियां के निवास से उठाया गया और अपने तयशुदा रास्तों से होता हुआ कर्बला शरीफ पहुंचा ।यह जुलूस अपने निर्धारित रास्तों जैसे राजकीय इंटर कॉलेज सूफी जी की जियारत पर पहुंचा सैयद राशिद अली सैयद नासिर अली सैयद अनवर अली ने जुलूस का स्वागत किया और जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाया । जुलूस में शामिल लोग या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में सभी लोग हरे रंग के कपड़े टोपियां पहने थे हाथों में अलम आंखों में आंसू जुबान पर या हुसैन के नारे जारी थे। यह जुलूस प्रिंस रोड़ होता हुआ अंसार इंटर कॉलेज गलशहीद ईदगाह सम्भल फाटक होते हुए कर्बला में पहुंचा ।जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया और जुलूस में शामिल लोगों को नजरों नियाज तक्सीम की गई ।जुलूस के कर्बला पहुंचने पर नियाजिया वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से लंगर तकसीम किया गया ।सैयद सलमान मियां नियाजी ने मुल्क अमन व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई ।उन्होंने फरमाया कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने हमेशा इंसानियत का पैगाम दिया ।हम लोग भी हजरत इमाम हुसैन के मानने वाले हैं तो हमें चाहिए कि हम उनके बताए रास्ते पर चलें और अपने दरमियान आपसी भाईचारा कायम करें। जुलूस में मुख्य रूप से सैयद सलमान मियां नियाजी सैयद अम्मार मियां नियाजी सैयद जमीर मियां नियाजी फरीद मियां एडवोकेट सैयद ताबिश मियां नियाजी निजामिया मोइन हसन हसन अली हसन मियां इमरान मियां सैयद रियाजुल हसन मियां सैयद ओवैद मियां सैयद इमरान मियां सैयद नासिर अली रिजवी मियां सैयद अथर्मिया सैयद सफदर मियां सैयद हसनैन मियां अली हसन मियां नूरुल हसन मियां मुस्तफा मियां अहमद हसन मियां अबरार मियां हुसैन अली मियां और तमाम ही बच्चों ने इमामे हुसैन अली सलाम की बारगाह में नजराना है अकीदत पेश की और दुआएं मनी।इस अवसर पर नियाजी वेलफेयर सोसाइटी के सैयद रागिब मियां हनीफ मियां जमीर नियाजी शहजाद नियाजी नाजिम नियाजी आदि लोग मौजूद रहे।





# मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



**भोजपुर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशासन की मौजूदगी में ताजियेदार जुलूस की शक्ल में ताजियों को लेकर कर्बला के मैदान पर पहुंचे। रास्तों में लोगों ताजियेदारों को शरबत एवं मिठाईयां खिलाकर हौसला अफजाई करते देखे गये। रविवार को मोहल्ला गढ़ी, खद्दर बाजार,घासमंडी, बड़ी मंडी, नक्कालान, धर्मपुर आंगा, गणेशपुर, आदमपुर के ताजियेदार पुलिस की मौजूदगी में छोटे ताजियों के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए कर्बला पहुंचे। निकटवर्ती गांवों गोदी, गनीमत नगर,रानी नांगल, इस्लामनगर, पीपल साना, सरदार नगर, अटरिया, लालुवाला आदि गांवों में भी मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखे रहे।

## गर्मी से राहत को पिलाया शरबत



**कांठ।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव अमन ढिल्लो ने अपने गांव में सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों को इस उमस भरी गर्मी में राहत देने के लिए ठंडा शरबत पिलाने का काम किया। सहयोग अरमान, फहीम, सत्यम, रब्बान, पवन, शिवा, सलमान, जूली, आसिफ आदि का रहा।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में महानगर के सभी दस मंडलों में शिक्षाविद,चिंतक एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।सभी दस मंडलों में संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महानगर के पूर्व जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश पदाधिकारी गण एवं महानगर के पदाधिकारी शामिल रहे।सभी दस मंडलों में मुख्य वक्ताओं ने डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके किए गए कार्यों की विस्तार से वर्णन किया।इसी क्रम में महानगर के रामगंगा विहार मंडल में संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पुष्प अर्पित कर नमन कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक पास किया 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की 1923 में लॉ की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत पर विदेश चले गए 1926 में इंग्लिश से बैरिस्टर बन के लौटे उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित की 33 वर्ष की आयु में वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने इस पर पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के कुल. पति थे एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद के रूप में उनकी उपलब्धि और ख्याति दिन प्रतिदिन दिन बढ़ती गई। संगोष्ठी कार्यक्रम संयोजक शशि किरण, सह संयोजक धर्मेश सैनी व हरीश प्रजापति, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, बाल्मीकि हरिओम मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण शक्तिकेंद्र संयोजक आदि शामिल रहे।



## एक नजर

### 22वीं पुण्यतिथि पर मरीजों को किए फल वितरित



**मुरादाबाद।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा जिला चिकित्सालय ओपीडी के सभागार में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय राम उजागर पांडे को याद करते हुए उनकी 22 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित की किये।पुण्यतिथि पर अपने विचार रखते हुए जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने सभी फार्मासिस्ट व चीफ फार्मासिस्ट से स्वर्गीय राम उजागर पांडे के बताये आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा संगठन को मजबूत करने वह मांगों के प्रति संघर्ष करने के विषय में स्वर्गीय राम उजागर पांडे जी के जीवन पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात् मरीजों को फल वितरित किये गये।फल वितरण में डॉ शेर सिंह कक्कड़,पंकज पांडे,राज. श पाठक ,पी पी सिंह, त्रिवेंद्र चौहान, सीमा भारती, योगेश राजपूत, अंकुर चौहान, अनिल शर्मा, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने की संगोष्ठी आयोजित



**कांठ।** भाजपा मंडल छजलैट द्वारा किसान इंटर कालेज भीकनपुर में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें उन्हें कार्यकर्ताओं द्वारा नमन किया गया। इसके बाद उनके जीवन परिचय की विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भजनलाल पाल क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी, गन्ना डायरेक्टर गौरव सिंह एवं संजीव कुमार, देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री युवा मोर्चा सुमित दिवाकर, मंडल महामंत्री विशेश्वर प्रसाद शर्मा एवं संजीव कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सौवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, महेश शर्मा , संजय कुमार, निपेंद्र कुमार, पवन कुमार, दयानंद सिंह, हेमेंद्र सिंह, प्रदीप उर्फ मोंटी,अखिलेश विश्नोई, अंकित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नई शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों के बच्चे सीखेंगे ग्राफिक डिजाइनिंग

**कांठ।** अब परिषदीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं से आठवीं तक पढ़ाई करने वाले बच्चों को ग्राफिक डिजाइनिंग की शिक्षा भी दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश के बाद इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है।परिषदीय विद्यालयों में कक्षा आठवीं के बच्चों को भी अब ग्राफिक डिजाइनिंग पढ़ाने की तैयारी है। उन्हें कंप्यूटर ग्राफिक्स के तहत डिजिटल कोलाज, पेंटिंग, इलस्ट्रेटर, कोरल ड्रा आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पाठ्यक्रम में कंप्यूटर के परिचय और कला में उपयोगिता, हार्डवेयर, साफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम, कंप्यूटर ग्राफिक्स की अवधारणा एवं सिद्धांत, कंप्यूटर ग्राफिक्स के - प्रकार और व्यावसायिक उपयोग,संयोजन, इमेज प्रोसेसिंग, वेक्टर और रास्टर इमेज में प्रयोग होने वाले साफ्टवेयर, एमएल पट, फोटोशाप, इलस्ट्रेटर, पेज मेकर, कोरल ड्रा, फ्लैश टूडी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ठाकुरद्वारा की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर होली का मंदिर मैं स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 में जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ठाकुर राकेश सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं समृद्धि के संबोधित करते बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, देश की एकता एवं अखंडता के पर्याय थे ,उनके सेवा समर्पण और त्याग की गाथा आज भी हमें सिद्धांतों पर अधिक रहकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती है। स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की थी, इसका विरोध करते हुए 1953 में उन्होंने अपना बलिदान दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए 2019 में धारा 370 एवं 35 को समाप्त कर दिया। उनका नारा भारतवर्ष में दो प्रधान दो विधान नहीं चलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 का विकसित भारत का सपना हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरा करना है।

कार्यक्रम में ब्लॉक ठाकुरद्वारा के प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान विधान सभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति पवन पुष्पद इकराम कुरैशी ओम कुमार एडवोकेट उदयवीर सिंह मेरा मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान धर्मेंद्र सिंह गौरव चौहान प्रदीप कुमार पाल प्रियांशु कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सतगुरु दुनिया को ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके मोक्ष प्रदान करता है: राजपिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में वेयर हाउस के निकट स्थित निरंकारी सत्संग भवन पर साप्ताहिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित जी के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखा। राजपिता जी ने कहा कि सतगुरु दुनिया को ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके मोक्ष प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि सतगुरु हमें सत्य मार्ग पर चलाता है। हमें अपने मन में सदा दास भाव से रहना है।हमें मन से सतगुरु के चरणों में समर्पित होना चाहिए, तभी हम सही मायने में सतगुरु के दास कहलन के हकदार है। भक्ति में डूबे हुए संत निंदा, नफरत और अंहकार से दूर रहते हैं।एक भक्त हमेशा काम,क्रोध और मोह से मुक्त होकर जीवन जीता है।एक भक्त ईश्वर के भय में रहकर दुनिया में रहता है। सतगुरु शरीर नहीं होता, बल्कि ज्ञान ही सतगुरु होता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज आज संसार को एकत्व और आत्म मंथन की राहें दिखा रहीं हैं। मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने प्रतिदिन सत्संग में आने के लिए प्रेरित किया तथा सेवादल संचालक डॉ रामकुमार ने कहा कि सतगुरु की सेवा से जीवन में रौनकें आ जाती हैं। लंगर की सेवा बहन शशि वर्मा जी की ओर से रही। मंच संच. ालन नरेश चंचल ने किया तथा साधसंगत में हर्षित चौहान, दीपक कुमार, योगेश कुमार, विवेक कुमार,रघुनाथ सिंह, कुलदीप कुमार, हर्षित चौहान, देवेंद्र नागपाल, डॉ नरेश कुमार, मुनेश कुमार, रमेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मुनेश चौहान,हरकेश सिंह,वंदना, सुनीता अग्रवाल,प्रीति, मानसी, पूनम, माला सिंह, मो. निका, रितु गुप्ता, निशा रूहेला सहित सैकड़ो भक्तों ने साधसंगत में प्रतिभाग किया।

# नगर में दस मोहर्रम का मुख्य मातमी जुलूस निकला

## ऐतिहासिक कर्बला, जलालपुर खास, जाफरपुर, महमूदपुर कर्बला पर ताजिए दफन हुए, जुलूस में शिया समुदाय के युवकों ने छुरियों का मातम करके स्वयं को लहूलुहान किया

**कुंदरकी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों की शहादत के गम में दस मोहर्रम ( आशुरा ) का शिया व अहले सुन्नत का मुख्य मातमी जुलूस निकाला कर देर शाम कर्बला में ताजिए दफन किए गए ।जुलूस के दौरान शिया समुदाय के युवकों ने छुरियो से मातम करके स्वयं को लहूलुहान कर लिया। रविवार को दस मोहर्रम का शिया समुदाय का मातमी जुलूस शिया समुदाय के इमामबाडो ओर आजाखानो पर परचम अब्बास रिजवी, गुलाम अब्बास रिजवी, जव्वाद हैदर काजमी, जुहेर हबीब नकवी,कमर अब्बास काजमी लिए, आमिल अब्बास काजमी, गुलाम मेहंदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा आज शब्बीर पे क्या आलमे तन्हाई हैं लाखों हमले हैं आहा कोई नहीं सय्यद को बचाने वाला हैं शोर सितमगारो में मार लो प्यासे को कोई नहीं इसका अब बचाने वाला जिसको सुनकर आजादारो की आँखे नम हो गई ओर नम आखों के बीच हाय हुसैन की सदाओ के साथ इमामबाडो व आजाखानो से अलम बरामद हुए तथा मरहूम साबिर हुसैन रिजवी के आजाखाने से जुलजिन्हा ( घोड़ा ) बरामद हुआ तथा लाला सुरेंद्र भूषण के फाटक पर लगी प्रशासनिक बल्ली से जुलाजिन्हा मरहूम जाकिर हुसैन रिजवी के महिलाओ के आजाखाने में पहुंचा तो महिलाओ में कोहराम मच गया ओर हाय हुसैन हाय अब्बास हाय प्यास की सदाए बुलंद हो गई तथा शेष मुख्य मातमी जुलूस ताजिए अलम मुबारक के साथ रवाना हो गया जुलूस के दौरान अजहर अब्बास नकवी, काशिफ अब्बास काजमी, शानदार रजा, एजाज हाशिम नकवी ने हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों की शहादत को ब्यान किया तथा जुलूस के दौरान हुसैन जिंदाबाद लब्बेक या हुसैन की सदाए गुंजी तथा जुलूस में अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन हुसैनी, अंजुमन अल मूर्तजा, नजर हुसैन, अजहर हुसैन, फैसल रिजवी आदि ने नोहे ख्वानी की तथा जुलूस में शिया समुदाय के युवकों ने छुरियो का मातम करके स्वयं को लहूलुहान कर लिया। उघर अहले सुन्नत का जुलूस नगर के सदर इमामबाड़ा व अन्य इमामबाड़े व आजाखानो से अलम व ताजिए ढोल के साथ शुरू हुआ तथा जुलूस के दौरान अहले सुन्नत हजरत इमाम हुसैन के शहादत नामे पढ़ते तथा ढोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन की जीत का तथा यजीद के हार का ऐलान करते चल रहे थे। शिया समुदाय का जुलूस आगे ओर अहले सुन्नत का जुलूस पीछे चल रहा था देर शाम शिया व अहले सुन्नत का जुलूस नगर की इतिहासिक कर्बला पहुंचा तो फिजा में हाय हुसैन जिंदाबाद की सदाए गुंजने लगी तथा कर्बला पर नगर के अलावा ग्रामीण इलाके से आए ताजियो को दफन किया गया इसके आलावा ब्लाक क्षेत्र के महमूदपुर माफी, जलालपुर खास जाफरपुर स्थित कर्बला पर ग्रामीण इलाके के ताजिए दफन किए गए।



# भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का वर्णन सुनकर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी में मनो. कामना सिद्ध कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, कथा वाचक सर्वेश्वर महाराज ने अपने मुख से कथा मे भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन किया जाता है। इस दिन, नंद बाबा के घर पर उत्सव का माहौल होता है और भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों के साथ खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, आमतौर पर निम्नलिखित बातें होती हैं। भगवान कृष्ण का जन्म कथावाचक, भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हैं, जिसमें कंस की कारागार में वासुदेव और देवकी के यहाँ भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में उनका जन्म होता है । नंदोत्सव नंद बाबा के घर पर जन्मोत्सव का उत्साहपूर्ण माहौल होता है, जिसमें भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों से खुशियाँ मनाते हैं । भगवान का स्नेह कथावाचक बताते हैं कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह के रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं ।मिठाई और बधाई जन्मोत्सव के अवसर पर, भक्त एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाई देकर खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन किया जाता है। इस दिन, नंद बाबा के घर पर उत्सव का माहौल होता है और भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों के साथ खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, आमतौर पर निम्नलिखित बातें होती हैं ।भगवान कृष्ण का जन्म कथावाचक, भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हैं, जिसमें कंस की कारागार में वासुदेव और देवकी के यहाँ भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में उनका जन्म होता है इस अवसर पर कथा मे बाबा हरिदास बाबा , बाबा बालक नाथ, बाबा चन्द्र गिरि, यशपाल सिंह, ब्रहमपाल , अंकुर , ललिता , सविता, पार्वती , पूजा, सुनीता , मिथलेश , मास्टर महीपाल सिंह आदि थे।



# दस मोहर्रम पर इमाम हुसैन की सीरत बयान की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह सरक. ारी अस्पताल के पास सिद्दीके अकबर मस्जिद में पैगामे हक फाउंडेशन की जानिब से होने वाली दस रोजा यादे हुसैन कान्फ्रेंस में आखरी शब मुफ्ती राशिद अफाकी ने इमाम हुसैन की सीरत बयान की कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हाफिज मुहम्मद इमरान मंजरी ने किया मुब्लिलगे दावते इस्लामी गुलाम नबी अत्तारी ने इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश करते हुए कहा हमारे काईदो रहबर हुसैन जिंदा हैं इसके बाद मुफ्ती मोहम्मद राशिद अफाकी ने इमाम हुसैन सीरत बयान करते हुए बताया कत्ले हुसैन असल में मर्गे यजीद है इस्लाम जिन्दा होता है हर करबला के बाद उस आखिरी नमाज का आलम ने पूंछये इस्लाम जिन्दा कर गया सज्दा हुसैन का गरीब उम्मत की बे कसी पर हुसैन का सर कटा हे लेकिन यजीद जेसे शकी के आगे हुसैन का सर झुका नहीं है लिहाजा हमें भी इमाम हुसैन की सीरत पर अमल करते हुए नमाज की पाबंदी करनी चाहिए आखि में फाउंडेशन के संस्थापक मुफ्ती मुहम्मद बिलाल रजा ने सबका शुक्रिया अदा किया और मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई और लगंरे हुसैनी भी तकसीम हुआ इस मौके पर मोलना गय्यूर अहमद आफाकी हाफिज फैजान हाफिज मुहम्मद कैफ बरकाती गुलाम मुरसलीन इन्तजार रजवी मुहम्मद अनीस जेद अत्तारी डॉ फुरकान डॉ मोहसिन अत्तारी आदि मौजूद रहे।



# राफेल के खिलाफ मुहिम

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत और पाकिस्तान के बीच उस समय संघर्ष छिड़ गया था, भारत में सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तानी आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला बोला था। इस संघर्ष में मिसाइलों और लड़ाके विमानों का इस्तेमाल हुआ था। तब पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए थे, जिनमें 3 राफेल जेट भी शामिल हैं, तभी से राफेल विमान को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि भारत ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि उस संघर्ष में हमारा कितना नुकसान हुआ, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमारे सैनिक अधिकारियों के माध्यम से ऐसी बातें सामने आई, जो यह बताती हैं कि हमारा भी काफी नुकसान हुआ। सीडीएस अनिल चौहान ने सिंगापुर में यह स्वीकार किया था कि आरंभिक चरण में हमारा कुछ नुकसान हुआ है। उनके बाद सेना उप प्रमुख ने भी माना कि हमने कुछ विमान खोए। अब फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसी ने एक कदम आगे जाकर एक नया खुलासा किया है जिसमें कहा गया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस विमान पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। फ्रांस के वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोंग बेलेंजर ने भी यह कहा है कि भारत ने संभवत: तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 200 शामिल हैं। उनका यह भी कहना है कि फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को विमान भेजे हैं, उनमें पहली बार राफेल को निशाना बनाने की बात सामने आई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। जाहिर है, उनका इशारा भारत की तरफ था, क्योंकि भारत ने फ्रांस से ही राफेल विमान को खरीदा है। यह विमान पांचवीं पीढ़ी का विमान है और बेहद उन्नत माना जाता है। वैसे होना तो यह चाहिए था कि सबसे पहले इस तरह की बहस भारत में ही होनी चाहिए थी कि आखिर पाक के साथ क्षेत्रीय संघर्ष में हमने क्या खोया, क्या पाया, लेकिन जो भी समाचार युद्ध के संबंध में आ रहे हैं वह विदेशी धरती से ही आ रहे हैं। भारत में इस संबंध में कोई ज्यादा बात नहीं हो रही है। विपक्षी दल भी बार-बार सरकार को इस मुद्दे पर घेरते रहे हैं और संसद सत्र बुलाने की मांग भी विशेष रूप से करते रहे हैं, ताकि इस संबंध में चर्चा की जा सके। सरकार ने भी विपक्ष की इस मांग को कभी नहीं स्वीकारा। जाहिर है, जब सरकार अति सतर्कता बरतेगी, तो तरह-तरह की भ्रांतियां तो पैदा होंगी ही। सीज फायर को लेकर भी यह भ्रांतियां हो रही हैं। ट्रम्प ने जाने कितनी बार अमेरिका में और बाहर भी यह कहते रहे हैं कि सीजफायर उन्होंने कराया और वह भी व्यापार की धमकी देकर जबकि भारत बराबर इन्कार करता रहा है, लेकिन ट्रम्प पर इस बात का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चीन का पाकिस्तान पर बड़ा प्रभाव है और ऐसा माना जाता है कि पाक में सैन्य हथियारों के मामले में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। जाहिर है चीन यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि उसके हथियार ज्यादा कारगर साबित हुए।


## महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद



रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है, स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है, बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है, रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं, कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है, युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है, अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक शस्त्रों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

# बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए





**हफीज किदवई**

आज जानिए की बांग्लादेश चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने क्या किया था। क्या वजह थी कि शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीती। जिस जनता ने इतनी महान विजय दी, वही ने उसे सालभर में निर्वासन पर क्यों भेज दिया। इसे समझना हो, तो बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए।

### वोटर लिस्ट में क्या किया गया था

**मतदाता सूची का पुनरीक्षण**- चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने दावा किया कि देशभर में डिजिटल मतदाता सूची का अपडेट किया गया है। कई जगह बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए और नए युवाओं को जोड़ा गया।

**नोट**- विपक्ष कहता रहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है मगर किसी ने नहीं सुनी फर्जी और डुप्लिकेट वोटर शामिल करने के आरोप लगा। कई रिपोर्टों में सामने आया कि फर्जी नाम, डुप्लिकेट आईडी और काल्पनिक मतदाता सूची में शामिल किए गए थे। कुछ इलाकों में एक ही व्यक्ति के नाम से दो बार वोट डालने की घटनाएं सामने आईं। एक ही घर से उसके परिवार के सदस्यों की संख्या से कई गुना अधिक वोट डाले गए। विपक्ष ने तब भी कहा कि यह सब शेख हसीना की पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। मगर किसी ने नहीं सुना फिर आया सबसे महत्वपूर्ण Ghost Voters (भूतिया मतदाता) का मामला। कुछ स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट्स जैसे The Guardian Reuters में कहा गया कि कई मतदान केंद्रों पर ऐसे लोगों के वोट दिखाए गए जो या तो विदेश में थे, मृत थे या वहां कभी रहते ही नहीं थे। यह वोटर अचानक जुड़े, वोट किया, फिर गायब, इनकी संख्या बहुत बड़ी थी। फिर जो हुआ वह भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। मतदाता अनुपस्थिति और वोट में असंगत संदिग्ध बढ़त हुई। चुनाव वाले दिन दोपहर तक केवल 27 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, लेकिन अचानक अंतिम आंकड़े 41 प्रतिशत तक पहुंचाए गए, जिससे यह संदेह गहरा हुआ कि कुछ बड़ी गड़बड़ की गई है। वोट प्रतिशत दिनभर 27-28 रहना और रात बीतने के बाद जब फाइनल वोट के आंकड़े देना, जिसमें 10 प्रतिशत के ऊपर की बढ़ोतरी ने संदिग्ध हालात पैदा किए। विपक्ष ने तब भी कहा कि चुनाव आयोग सही आंकड़े नहीं दे रहा। कुछ गड़बड़ कर रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। चुनाव आयोग ने वहां बुजुर्ग और ग्रामीण इलाकों में गाइडेड वोटिंग भी करवाई, जो बुजुर्गों को अशक्त लोगों को सुविधा देने के नाम पर की गई। रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में वोटर्स से यह तक कहा गया कि किसे वोट देना है। कई बुजुर्ग मतदाता जिन्हें वोटिंग की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं थी, उनके वोट एजेंट्स द्वारा प्रभावित किए गए। एजेंट्स ने खुद वोट डाल दिए। विपक्ष ने विवश होकर इस पर भी चेताया मगर किसी ने नहीं सुना। खूब सवाल उठे, तब क्या कहा गया आधिकारिक रूप से।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह डिजिटल, अद्यतन और पारदर्शी है, लेकिन उन्होंने कुछ जिलों में संदेहास्पद गतिविधियों की आंतरिक जांच शुरू करने की भी बात मानी। यह कहा सब कुछ सही और पारदर्शी है। विपक्ष के आरोप बेबुनियाद हैं। एक आध घटना हो सकती हैं, उसकी जांच हो जाएगी, बाकी सारी प्रक्रिया पारदर्शी है। फिर परिणाम आए, शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीतीं। विपक्ष दहाई नहीं पार कर पाया। मगर सालभर में जब जनता को सच दिखने लगा, तब क्या हुआ। शेख हसीना को अपनी मिट्टी छोड़नी पड़ी। चुनाव आयोग पर कार्यवाही शुरू हुई। हर अधिकारी, बड़ा या छोटा, आज जेल में है और कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहा है। देश अस्थिर हो गया। यह सब क्यों हुआ, क्योंकि उनकी एक संवैधानिक संस्था ने देश की जनता और देश से गद्दारी की थी। ज्यादा से ज्यादा क्या होता, शेख हसीना हार जाती मगर सिस्टम का कबाड़ा तो नहीं निकलता। आज उनके चुनाव अधिकारी हुलिया बदलकर छिपे छिपे घूम रहे। अपनी पहचान नहीं बता सकते, जैसे ही पहचाने जाते हैं, मारे जाते हैं। यह कमाया है बंगलादेश के चुनाव आयोग ने, पूरे देश को अराजकता की भेंट चढ़ा दिया। चुनाव आयोग के पास ताकत थी, संविधान ने उन्हें व्यवस्था दी थी मगर वह शेख हसीना के तलवों में लोटने लगे। देश की जनता ने अपने अधिकारों के साथ यह बर्ताव देखा। वोट की ताकत को छिन्न भिन्न होते देखा। हसीना और चुनाव आयोग, सबको उलट पलट दिया। यही होता है, जब कोई जनता के साथ खेल खेलता है। तब यही हश्र होता है मगर देश का तो नुकसान बड़ा हो जाता है। विपक्ष की बात उस वक्त सुन ली होती, तो आज यह दिन न होते की अधिकारी, कर्मचारी अपनी जान की भीख मांगते न फिर रहे होते। बांग्लादेश में बुरा हुआ। जनता के साथ पहले गलत हुआ। फिर जनता ने गलत कर दिया मगर उसके पास रास्ता ही क्या था।

### केंचुआ सरकारी विभाग नहीं है, उसका काम तय है

वोटर यानी मतदाता का मतलब किसी चुनाव क्षेत्र में आमतौर पर रहने वाली आबादी का वह हिस्सा है जो 18 वर्ष से ऊपर का है। मतदाता सूची में इनका नाम दर्ज करने और इसकी जांच या प्राप्त आवेदन की पुष्टि के लिए बीएलओ होता है जो बताए गए पते पर जाकर तस्दीक करता है कि दावा सही है या नहीं। दावे की पुष्टि पड़ोसियों से भी की जा सकती है। इसके अलावा कोई नियम अभी तक नहीं रहा। सुविधा के लिए दस्तावेज मांगना और देना औपचारिकता है। 18 साल से ऊपर की आयु के दावे की पुष्टि के लिए जन्म प्रमाण पत्र जरूर मांगा जा सकता है, लेकिन यह उसी के लिए है जो 18 साल का होते ही मतदाता बनना चाहता है। केंचुआ सरकार से अलग, स्वायत्त और स्वतंत्र है। जो देखने में 18 साल से ऊपर का लगता है उससे कोई प्रमाण पत्र मांगने का रिवाज नहीं है। चुनाव आयोग का काम नागरिकता, जन्म, जन्म स्थान, आयु या माता-पिता के नाम की पुष्टि करना नहीं है। ना उसे मतदाता के लिए कोई प्रमाणपत्र जारी करना होता है। उसे चुनाव क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का नाम उनके पते के अनुसार दर्ज करना है। वोटर बनाना और चुनाव कराना है। नतीजे बताना है। इसके अलावा कुछ नहीं। अगर किसी कारण कोई विदेशी नागरिक गलती से मतदाता सूची में आ जाए तो सरकार के संबंधित विभाग का काम है कि वह उनका नाम कटवाए या वोट देने से रोके, पर जो किसी चुनाव क्षेत्र में रह रहे हैं, विदेशी होना पक्का नहीं है उसे वोट देने का हक है। उनका वोट जरूर पड़े यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग का काम है।

**-संजय कुमार सिंह**

# बारिश का कहर और विकास की विफलता

**शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुंचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है।**

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है।

हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है, लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रूपए की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आंकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड, हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गांव मलबे में दब जाता है।

वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालई पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालई क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है।

**-ललित गर्ग**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# निषादों की ऐतिहासिक भूमिका और उपेक्षा का संताप



**वीरेश तरार**



रामायण में एक अमिट प्रसंग आता है। भगवान राम को जब वनवास मिला तो वह लक्ष्मण और सीता के साथ गंगा पार करने के लिए निकले। वहीं उन्हें मिलते हैं केवट। वह राम के चरण धोकर उन्हें पार उतारता है। वह कहता है। प्रभु आपके चरणों से अहिल्या जैसी स्त्री पत्थर से नारी बन गई, मुझे डर है कहीं मेरी नाव भी नारी न बन जाए। यह प्रसंग करुणा, भक्ति और भोलेपन से भरा है, पर हमारे इतिहास ने इसी केवट को, इसी निषाद को केवल भक्ति का पात्र बनाकर छोड़ दिया। नतीजा यह है कि निषाद को अब साल में एक बार रामलीला के मंच पर याद किया जाता है, बस। क्या यह उस जाति के साथ अन्याय नहीं है जिसने भारत की सभ्यता के बीज बोए?

निषाद कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परंपरा है। नाव चलाना, जल आधारित उत्पादन करना, जलकुंभी, मखाना, सिंघाड़ा जैसे उत्पादों का व्यापार, नदी के दोनों किनारों से लोगों और माल को पार उतारना, नदी के जरिए सुदूर क्षेत्रों तक माल का ढोना, यही इनका परंपरागत कार्य रहा है। ये नदियों के किनारे रहते आए हैं, नाव बनाते हैं, चलाते हैं और जल मार्गों को जीवन देते हैं। यदि हम देखें कि भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध सभ्यता कैसे बनी, तो पाएंगे कि नदियों के किनारे बसी बस्तियों से यह सभ्यता उठी और नदी ही वह माध्यम बनी जिसने कृषि, व्यापार और जीवन को जोड़ा। नदियां पहाड़ों से निकलती हैं। हिमालय और अन्य पर्वतों पर जमा बर्फ के पिघलने से, बारिश के जल से, वर्षा ऋतु की बाढ़ों से, ये नदियां मैदानों तक आती हैं। अपने साथ वे खनिज लाती हैं, बीज लाती हैं, उपजाऊ मिट्टी लाती हैं और नदी के किनारे की भूमि को उपजाऊ बना देती हैं। यही वह बिंदु है जहां जंगली शिकारी मानव समूहों की दृष्टि वनस्पतियों की ओर जाती है। वही मनुष्य जो जानवरों का शिकार करता था, अब वह देखता है कि नदी किनारे की घास, झाड़ियां और अनाज जैसे पौधे बार-बार उसी स्थान पर उगते हैं। यहीं से शुरू होती है खेती। गेहूं, जौ, दालें कृ सब की खेती नदी किनारे से प्रारंभ होती है, परंतु जब एक किसान उत्पादन करता है, तो उसकी अपनी जरूरतें भी होती हैं। नमक, मसाले, आभूषण, उपकरण ये सब उसके पास नहीं होते। तब उस तक ये चीजें कौन पहुंचाता है? यही वह बिंदु है जहां निषाद, केवट, मल्लाह, बंजारा, द्रविड़ जैसे समुदायों की भूमिका सामने आती है।

बंजारे चलते थे गांव-गांव, उनके साथ महिलाएं होती थीं जिन्हें बंजारिन कहा गया। वे मसाले, समुद्री उत्पाद, आभूषण, कोड़ी, शंख, मखाना और भी ढेर सारी चीजें किसान समुदाय तक पहुंचाते थे। बदले में वे उनसे अनाज लेते थे। मुद्रा की जगह वस्तु विनिमय होता था और इस प्रकार भारत की पहली व्यापारिक व्यवस्था स्थापित हुई।

जब निषाद नाव से एक ओर किसान की उपज ले जाते, तो दूसरी ओर समुद्र की चीजें लाकर उसे सौंपते। इसी क्रम में व्यापार के केंद्र बने। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, राखीगढ़ी, कालीबंगा, लोथल और आज के आधुनिक शहर। सब नदियों के किनारे बसे हैं। भारत का पहला शहरवासी वर्ग इन नाविकों, व्यापारियों, और कृषि उत्पादकों से बना परंतु यही काम अन्य देशों ने भी किया। वास्को-डि-गामा, पुर्तगाल का नाविक, भारत पहुंचा तो वह एक व्यापारिक यात्रा पर निकला था। अरब देश के नाविकों ने भी व्यापार की श्रंखला बनाई। इनके पीछे उनके राजा, बादशाह और सुल्तान खड़े थे। यही कारण है कि यूरोप में नौकायन संस्कृति का विकास हुआ, समुद्री मार्गों से देशों को जोड़ा गया और कालांतर में व्यापार ने ही उन्हें इतना शक्तिशाली बना दिया कि इस्ट इंडिया जैसे नाविक कंपनी भारत से ही शुरू करके पूरे विश्व की सत्ता पर अपनी सत्ता का परचम फहरा सकी। पुर्तगाली नाविक भी तब एशिया के कई हिस्सों में अपनी समानांतर सत्ता चला रहे थे। जबकि भारत में हमारे नाविकों को, निषादों को, बंजारों को, मल्लाहों को कभी कोई संरक्षण नहीं मिला। वे सदियों तक मेहनत करते रहे, नाव खींचते रहे, समुद्र की लहरों में संघर्ष करते रहे, लेकिन उनकी तरफ किसी राजा ने देखा तक नहीं। निषाद समाज ने भारत को भारत बनाया, लेकिन खुद उपेक्षित रह गया। उसके ज्ञान, उसके कौशल, उसकी व्यापारिक सूझबूझ को कभी मान्यता नहीं मिली और आज भी वह उपेक्षित है। जब भारत के परंपरागत जल मार्ग बर्बाद हो गए, जब नदियों को उनके प्राकृतिक स्वरूप से मोड़ दिया गया, तो वह नाविक संस्कृति भी बर्बाद हो गई। आज कंपनियां खेत से सीधे उत्पाद खरीदती हैं और निषाद समाज जैसे परंपरागत बिचौलिए समाप्त कर दिए गए। यही कारण है कि यह समाज आज गरीबी, बेरोजगारी और राजनैतिक उपेक्षा से त्रस्त है। अब समय आ गया है कि भारत अपने अतीत की ओर लौटे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी सभ्यता नदी आधारित रही है, नदियों से जीवन चलता है और उन नदियों के रक्षक, उनके साथी, उनके व्यापारी निषाद समुदाय हैं। यदि हम इन समुदायों को पुन: महत्व दें, जलमार्गों को फिर से विकसित करें, नदियों की सफाई करें, जल संग्रहण और परिवहन को पुनर्जीवित करें तो न केवल निषाद समाज उठेगा, बल्कि भारत फिर से एक शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा।

भारत की आत्मा गांवों में है, पर उसकी धड़कनें नदियों में हैं। जब तक ये नदियां बहती रहेंगी, निषाद समाज नाव चलाता रहेगा, बंजारा व्यापार करता रहेगा, किसान हल चलाता रहेगा, बंजारिन सिर पर टोकरा रखे जाती रहेगी। तभी तक भारत भारत रहेगा, लेकिन आज भारत उस कौवे की तरह होता जा रहा है जो हंस की चाल चलने की नकल में अपनी चाल ही भूल गया है। अगर उसे जीवित रहना है, आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी असली चाल, अपनी मिट्टी, अपनी नदियां, अपने निषाद, अपने बंजारे को फिर से पहचानना और अपनाना होगा। तभी भारत फिर से अपनी पहचान और गरिमा के साथ खड़ा हो सकेगा। हम यहां यह भी नहीं कहेंगे कि भारत के यह निषाद, बंजारे और द्रविड उन्हीं परम्परागत साधनों और पोशाकों के साथ मैदान में उतारे जाएं, बल्कि आधुनिक तनीकी से लैस उन्नत संसाधनों का भरपूर समावेश इनकी कार्ययोजना में शामिल किया जाए हमें तो इनके व्यवसायिक ज्ञान, पर्यावरणीय अनुभव आधारित समझ और असीम कार्यक्षमताओं का यथा सामर्थ्य उपयोग बस करना है और इन्हें उस प्रणाली की रीढ़ बनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


## JAMIA TIBBIYA DEOBAND

Recognized by NCISM, New Delhi, Affiliated to Mahayogi Guru GorakhnathAyush University, Gorakhpur, U.P.

NABH Accredited
Awarded Grade 'A'by Quality Council of India

ADMISSION OPEN 2025-26

Courses Offered **B.U.M.S.** (Bachelor of Unani Medicine and Surgery)
Duration 5½ Year (01 Year Rotatory Internship)

Counselling code for BUMS - U003
Neet 2025-26
Cut off Score - Gen-144, OBC-113



## JAMIA COLLEGE OF PHARMACY

G.T. Road, Deoband
Approved by PCI New Delhi, Affiliated to AKTU Lucknow &BTEUP Lucknow
Counselling code for D.Pharm- 1317, B.Pharm-1269

**Courses Offered**

**B Pharm** – Bachelor of Pharmacy (4 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Minimum 50% Marks

**D Pharm** – Diploma in Pharmacy (2 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Admission Criteria - JEECUP 2025

## JAMIA PARAMEDICAL COLLEGE

G.T. Road, Deoband
Approved & Affiliated to Board of Ayurvedic & Unani Tibbi Systems of Medicine, Lucknow, U.P

**Courses Offered**

**DIPLOMA IN NURSING (AYURVEDA)**
(3Year 09 Month) (9 month Maternity Training)
Required Qualification- 12th

**DIPLOMA IN PHARMACIST (AYURVEDA)**
(2 Year 03 Month) (3 month Internship)
Required Qualification- 12th P.C.B or P.C.M.

**Key Features**
Well Equipped Labs
Best Infrastructure
Qualified & Well Trained Faculty

**Facilities**
Hostel For Boys/Girls
Cafeteria
Transport for Girls
Ragging Free Campus

**Contact us -**
9897869424
8279730724
9897842060
9359210059

**Helpline - 1800-102-2318**
G.T. Road, Deoband, District Saharanpur, Uttar Pradesh - 247554
Email - info@jamiatibbiya.com, jcpdeoband@gmail.com
Web - www.jamiatibbiya.com, www.jcpdeoband.com

## AL-HAKEEM अल-हकीम

### यूनानी मेडिकेयर सेन्टर

हमारे यहां इन बीमारियों का खास इलाज किया जाता है।

1. नसों और दिमाग की बीमारियाँ, सर दर्द, नींद न आना, नर्तनरोग दिमागी कमजोरी, निस्यान, हाथ पैर की जलन, जिगर की बीमारियां ।
2. हड्डियों की बीमारियाँ (जोड़ों का दर्द, गठिया, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द, नाड़ी का दर्द, गुर्दे व मसाने की बीमारियां ।
3. पेट की बीमारियाँ (कब्ज, बदहज़मी, गैस, आंतों की कमजोरी और सूजन, बवासीर (खूनी/बादी), जिगर की बीमारियाँ, सुरअत इनजाल।
4. यौन रोग, नपुंसकता, बांझपन, हस्तमैथुन, धात की बीमारियाँ, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब का रूक-रूक कर आना ।
5. गुर्दे और मूत्राशय की पथरी, पेशाब मे कष्ट, ग्रंथियों का बढ जाना, पेशाब का कंट्रोल न होना, गुर्दो की कमजोरी, चमडी की बीमारियां ।
6. चेहरे के दाग धब्बे (सफेद दाग), खुजली, बालों का गिरना, फोडे, फुन्सी, मुहांसे, बालों का सफेद होना, सोरायसिस, एक्जिमा ।
7. पुरानी खांसी, एलर्जी, साइनसाईटिस ।

**सुविधाएँ**
यूनानी उपचार, अच्छी गुणवत्ता वाली दवा, हिजामा से इलाज, जोंक से इलाज, अच्छा सुझाव

**देवबन्द ब्रांच**
राहत कॉम्पलैक्स, निकट पुलिस चौकी खानकाह, इन्द्रा पार्क, देवबन्द, सहारनपुर (उ.प्र.) - 247554 - मो. 9045607090

**दिल्ली ब्रांच**
जी-48, अल हबीब मस्जिद के पीछे, निकट सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया, शाहीन बाग, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-25 - मो. +91-11 45067236, 93541319122, 9457601009

**मुम्बई ब्रांच**
दुकान सं. 3, असलफा मेट्रो स्टेशन, निकट गलोबल नर्सिंग होम, असलफा अंधेरी-घटकोपर लिंक रोड, घटकोपर (वेस्ट), मुम्बई-400084, मो. 9699277250

## NAWAZ GIRLS' PUBLIC SCHOOL, DEOBAND

(Affiliated to CBSE, New Delhi,10+2)

ALL INDIA RANK HOLDERS CBSE EXAM 2024-25

our Proud Congratulations



4th RANK 99.2% WALIYA D/O ABDUR RASHEED

7th RANK 98.6% KHADEEJA USMANI D/O ANSAR ILAHI

MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS XII

MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS X

FOUNDER DR. NAWAZ DEOBANDI

## शाह टाइम्स की रजत जयंती के शुभ अवसर पर अहले वतन को दिली मुबारकबाद

| | | | |
|---|---|---|---|
| ANFAR SINCE1950 8868042813 | MAKTABA FIDA E MILLAT 7417472626 | ASHRAFI DTDC 9758612846 | MAKTABA GHAZALI 7505363799 |
| Pro INCOME 7300661364 | AQ QASMI ATTAR 8936951032 | Al Hamd Art & Decor 8958140373 | RAHMANI GENERAL STORE 7310632727 |
| Sunnali LIBAS 9997015429 | London OPTICALS 9639361752 | Rahman Fragrence 9760693627 | Raushan General Store 9234861029 |
| A to Z GARMENTS 9557525360 | NAJM TRADERS 9258526024 | ALFA TRADERS 8218073407 | Qasmi SHOE HUB 8273033921 |
| Usmani Cool Point 9897346246 | HMS 7906691929 | AL AQSA ENTERPRISES 9458648913 | MASHAAL URBAN BITES 9528352800 |
| MASHAAL RESTAURANT 7520308080 | TAQWA SADRI CENTER 7037963828 | HANEEF JACKET 9997673834 | Norah Dates 9634838339 |
| M HASAN QASMI 8076761276 | Madani Kurta Palace 9897103335 | Rasheedi ENTERPRISES 9536134311 | 9027516038 |
| 7417472626 | AL FALAH ENTERPRISES 9548996673 | Junaid CAP HOUSE 8941851624 | Khushboo Ghar 8860127177 |
| Madani Clinic 9720573831 | NAJMI GENERAL STORE 8709677306 | Tijarah Cloth House 7895282786 | BABARKAT INFRA |

MASHAAL COMPLEX
+91 78302 80786 | +91 95572 45993
Opp. Masjid Rasheed, Deoband, Saharanpur-247554

## Spring Dale PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E., New Delhi | Senior Secondary



SAAD FAIZAN SIDDIQUI
CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL

**Outstanding Performance in NEET 2025**
*Huge Congratulations To Our Future Doctors!*

Ayan Khan | Samiya Siddiqui | Faiz Alam | Zaid Rao | Safiya Ansar

AHMED FAIZAN SIDDIQUI
CO-CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Wishing you a journey filled with success and fulfillment!

8439-851-786, 8439-852-786
Head Office: Near Faizan Hospital, Eidgah Road, Deoband
Campus: 2 kms, Deoband Saharanpur Highway, SH-58, Deoband

## रजत जयंती वर्ष ढाई दशक का सुनहरा सफर

सभी देश वासियों को शाह टाइम्स की रजत जयंती पर

हार्दिक शुभकामनायें



**हाफिज फहीम उस्मानी**
रूहानी इलाज के माहिर
वरिष्ठ समाजसेवी
मौहल्ला गद्दीवाडा, अबुलमाली, देवबन्द

## tutorix

COACHING CENTRE - HYDERABAD
DEOBAND CAMPUS

अब कोटा व दिल्ली से बेहतर कोचिंग आपके शहर में उपलब्ध


INDIA'S BEST COACHING NOW IN YOUR CITY DEOBAND

### का पहला साल बेमिसाल

NEET(UG) 2025

में देवबन्द सेन्टर से दो बच्चों ने लहराया सफलता का परचम

Tutorix परिवार दोनों बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करता है।



AYAN KHAN
NEET SCORE 535
AIR - 20779
(Tutorix Regular Batch)

SAMIYA SIDDIQUI
NEET SCORE 529
AIR - 24883
(Tutorix Regular Batch)

सम्पर्क करें

सीमित सीट्स NEET/IIT-JEE/ 6th To 12th Tuition के लिए सीमित सीट्स

ADMISSION OPEN 2025-26


01336-796652, 9458209045, 9758658500, 8534985109, 9064460044
पता: मजनू वाला रोड, रेलवे रोड बाई पास, देवबन्द

## THE DREAM LAND PUBLIC SCHOOL

English Medium

ADMISSION OPEN

ईदगाह रोड, देवबन्द (सहारनपुर)
मो. 9897223457, 9105685995



शाह टाइम्स की रजत जयंती पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**चौधरी ओमपाल सिंह**
चेयरमैन साधन सहकारी समिति
लि० देवबन्द एवं अध्यक्ष उ०प्र० जनकल्याण मंच